# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025










पीएम ने अपने जन्मदिन पर दी देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' की सौगात

# मोदी बोले-पलक झपकते ही घुटनों पर आया पाक, यह नया भारत, घर घुसकर मारता है



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। देशभर में उनका जन्मदिन अलग-अलग अंदाज में मनाया गया। दुनियाभर से बधाई संदेश मिले। भाजपा ने देशभर में दो हफ्ते का सेवा पखवाड़ा शुरू किया है। इधर, प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन पर मप्र में देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' का शिलान्यास और 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' तथा 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया और मंगलवार को पड़ोसी मुल्क के ही एक आतंकवादी ने रो-रो कर इसकी पुष्टि की है।*

### रिकॉर्ड तोड़ बधाई संदेश

- मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है : सीपी राधाकृष्णन
- लोगों के कल्याण के लिए पांच दशक से अथक प्रयास कर रहे प्रधानमंत्री मोदी : अमित शाह
- चिरंजीवी भवः! जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं : मुरली मनोहर जोशी
- मोदी ने इस भ्रम को तोड़ा कि कांग्रेस ही भारत को एकजुट रख सकती हैः एच. डी. देवेगौड़ा
- राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं।

### पुतिन, सुनक नेतन्याहू, ने दी बधाई

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित कई विश्व नेताओं ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी का जन्म 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के वडनगर के एक छोटे से कस्बे में हुआ था।

## भाजपा ने शुरू किया सेवा पखवाड़ा, राजनाथ और शाह ने सुनाई मोदी स्टोरी

एजेंसी ▶▶| धार

सत्तारूढ़ भाजपा ने इस उपलक्ष्य में 15 दिन से ज्यादा समय के लिए 'सेवा पखवाड़ा' शुरू किया है। अपने जन्मदिन पर विभिन्न राज्यों से विकास कार्यक्रमों की शुरुआत करने की अपनी परंपरा को जारी रखते हुए, मोदी ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करने के लिए मध्य प्रदेश के धार की यात्रा की। मोदी ने धार में एक जनसभा में कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के ▶▶|शेष पेज 8 पर



### 1,300 से अधिक उपहारों की ई-नीलामी शुरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उपहार में मिली 1,300 से अधिक वस्तुओं को बुधवार को शुरू हुई ई-नीलामी में रखा गया है। इन वस्तुओं में देवी भवानी की एक मूर्ति, अयोध्या के राम मंदिर का एक मॉडल और 2024 पैरालंपिक खेलों की खेल संबंधी यादगार चीजें शामिल हैं। ऑनलाइन नीलामी के सातवें संस्करण की शुरुआत मोदी के जन्मदिन के साथ हो रही है, जो बुधवार को 75 वर्ष के हो गए।

### रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0

*गैर-सरकारी संगठन अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद ने एक दिन में तीन लाख यूनिट रक्त एकत्र कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने के लक्ष्य के साथ 'रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0' रक्तदान अभियान शुरू किया। परिषद के अखिल भारतीय महासचिव अमित जैन ने बताया कि इस अभियान के तहत भारत में लगभग 7,000 स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए गए हैं। इसके अलावा, भारतीय दूतावासों के सहयोग से विभिन्न अफ्रीकी देशों, अमेरिका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और नेपाल समेत 70 से अधिक देशों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया।*

पीएम के कार्यक्रम में वचुअर्ल जुड़े सीएम और केंद्रीय मंत्री

## साय बोले-मोदी की योजनाएं उज्ज्वल भविष्य की नींव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि मंडपम से हजारों महिलाओं के साथ इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर इन अभियानों के शुभारंभ की साक्षी बने। मुख्यमंत्री ने इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और पोषण कैलेंडर ▶▶|शेष पेज 8 पर

### मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व पटल पर नई पहचान- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है। नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान को विकसित भारत के चार स्तंभ मानकर जो योजनाएं उनके नेतृत्व में शुरू की गई हैं, वे देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा, 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वास्थ्य ▶▶|शेष पेज 8 पर

वित्त मंत्रालय ने जारी की नई दरों की अधिसूचना

## सीजीएसटी की दो दरें 22 से होंगी लागू

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने उत्पादों के लिए केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की दरें अधिसूचित कर दी हैं। नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी। इस अधिसूचना के बाद राज्यों को भी अपने स्तर पर राज्य जीएसटी की दरें अधिसूचित करनी होंगी। जीएसटी व्यवस्था के तहत प्राप्त राजस्व को केंद्र एवं राज्यों के बीच समान रूप से साझा किया जाता है। जीएसटी परिषद की मंजूरी के बाद 22 सितंबर से नई व्यवस्था के तहत अधिकांश वस्तुओं एवं सेवाओं पर पांच और 18 प्रतिशत की दर से ही कर लगेगा।




### विलासिता वाली वस्तुओं पर 40 फीसदी

हालांकि विलासिता वाली वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगेगा जबकि तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों पर 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ उपकर जारी रहेगा। मौजूदा व्यवस्था के तहत जीएसटी की चार कर दरें हैं जो पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत हैं। इसके साथ विलासिता एवं अहितकर उत्पादों पर अलग से उपकर भी लगता है।

### 20 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने म्यांमा सीमा के पास पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले में करीब 20 करोड़ रुपए मूल्य की 2.46 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। गोपनीय सूचना के आधार पर जवानों ने मंगलवार को मेलबुक रोड क्षेत्र में तिआउ नदी के पास अभियान चलाया। उन्हें देखते ही दो संदिग्ध हथियार छोड़कर म्यांमा की सीमा के पार भाग गए। हेरोइन को ले जाने के लिए प्रयुक्त वाहन सहित प्रतिबंधित सामग्री को जब्त कर लिया गया है। जब्त हेरोइन को आगे की जांच के लिए जोखावथर पुलिस को सौंप दिया गया है।



### एमयूडीए के पूर्व आयुक्त कुमार गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** ईडी ने कथित अवैध भूमि आवंटन से जुड़े एक मामले में एमयूडीए के पूर्व आयुक्त दिनेश कुमार को धन शोधन निरोधक कानून के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। कुमार को बेंगलुरु स्थित पीएमएलए अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है, जहां एजेंसी उनकी हिरासत का अनुरोध करेगी। ईडी ने मंगलवार को मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अवैध भूमि आवंटन घोटाले के संबंध में कुमार से जुड़े बेंगलुरु स्थित दो आवासीय परिसरों की तलाशी ली। कुमार एमयूडीए आयुक्त के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 'विशेष लाभों' के बदले एमयूडीए स्थलों के 'बड़े पैमाने पर अवैध आवंटन' में लिप्त रहे। जांच में धन शोधन गतिविधियों में उनकी 'सक्रिय' संलिप्तता पाई गई है।









वहशी युवक ने दरिंदगी की सारी हदें पार कर दीं। प्रेम विवाह के बाद पत्नी को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया और अब सनकी युवक ने अपने ही दो साल के मासूम बच्चे को उठाकर पटक दिया और पैर से कुचल दिया। बेरहमी से की गई मारपीट से मासूम बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने 28 वर्षीय आरोपी जुगलाल सिंह आ. राम सुन्दर सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# सनकी युवक ने अपने दो साल के बेटे को उठाकर पटका, पैर से कुचलकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/दरिमा

बताया जा रहा है कि दरिमा क्षेत्र के ग्राम करजी निवासी 28 वर्षीय जुगलाल सिंह आ. राम सुन्दर सिंह ने तीन वर्ष पूर्व मैनपाट के कमलेश्वरपुर निवासी विनीता सिंह से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों करजी में रहते थे और दोनों का दो वर्ष का पुत्र हर्षित भी था। आदतन शराबी युवक आए दिन शराब के नशे में पत्नी से विवाद करता था और उसे प्रताड़ित करता था। प्रताड़ना से तंग आकर महिला अपने बच्चे को लेकर मार्च के महीने में मायके चली गई थी लेकिन जुगलाल बच्चे को जबरन अपने पास रखने के लिए ले आया था। आदतन शराबी युवक ने 15 सितम्बर को अपनी मां को भी झगड़ा करके घर से भगा दिया था और घर में सिर्फ आरोपी जुगलाल, उसके पिता राम सुन्दर और दो साल का बच्चा हर्षित ही थे। इस बीच 16 सितम्बर को बच्चे की मौसी रहमेन जुगलाल के बच्चे को कुछ खिलाने पिलाने के नाम पर अपने घर ले गई थी। जब मौसी बच्चे को खिला रही थी तो सनकी युवक शोर मचाते हुए रहमेन के घर पहुंचा और उसे घसीटते हुए बाहर ले गया। आरोपी युवक ने बच्चे को अपने घर के दरवाजे पर ले जाकर उठाकर पटक दिया और फिर लात से मारने लगा जिससे बच्चा बेहोश हो गया। मारपीट के बाद आरोपी ने बच्चे को घर के परछी में चटाई पर सुला दिया। इस दौरान युवक की मौसी, रिश्तेदार अंकित सिंह सहित अन्य लोग बच्चे को लेकर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर 17 सितम्बर को शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



### पत्नी को फोन करके बोला-बेटे को मार दिया

हैरानी की बात तो यह है कि सनकी युवक ने अपने ही बच्चे की हत्या कर दी और फिर पत्नी को फोन कर बताया कि उसने बेटे को मार दिया है। महिला विनीता सिंह ने बताया कि शादी के बाद आरोपी जुगलाल आए मारपीट करता था। इस मारपीट से तंग आकर वह बच्चे के साथ मायके चली गई थी लेकिन आरोपी जबरन बच्चे को अपने साथ ले गया। 16 सितम्बर को उसने ननद के मोबाइल पर फोन कर बताया कि बेटे को मार दिया हूं। महिला ने फोन काट दिया। लेकिन बाद में विनीता सिंह की ननद ने फोन कर बताया कि सच में बच्चे को मार दिया है।

## हरिद्वार की पैरासिटामोल जांच में फेल, 11 दवा दुकानों से और लिए गए सैंपल



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

हरिद्वार की कंपनी एचएसएन बायोटेक हरिद्वार की पैरासिटामोल की एक बैच एफडीए की जांच में फेल हो गई है। दवा में मिश्रित फार्मूला निर्धारित मात्रा से कम पाया गया है। पिछले दिनों बाजार से उठाए गए 35 सैंपलों की रिपोर्ट आई है, जिसमें 34 को मानकों के अनुरूप पाया गया है। इधर जांच अभियान के दौरान प्रदेशभर की 77 दुकानों की जांच कर संदेह पर 11 दवाओं के सैंपल उठाए गए हैं।

हरिद्वार की दवा कंपनी द्वारा सप्लाई की गई बैच सीपी-30एस-13 बैच की दवा के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। संदेह था कि यह पैरासिटामोल में आवश्यक फार्मूला की मात्रा कम है, जिसकी वजह से यह असरदार नहीं है।

**दवाओं की गुणवत्ता परखने 77 मेडिकल स्टोर्स में पहुंची खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम**

जांच में संदेह सही पाए जाने पर संबंधित फर्म के खिलाफ ड्रग एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बीते दिनों राज्य के 77 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इसमें खत्री मेडिकल, शारदा मेडिकल, ओम चंद्रवंशी, रियाण पूर्ण मेडिकल कवर्धा, आकाश मेडिकल स्टोर्स कोंडागांव, धवन्तरी मेडिकल भिलाई, संजीवनी मेडिकल पिथोरा, श्रीराम मेडिकल कांकेर, निषाद मेडिकल बलौदाबाजार, वेलकरे मेडिकल सोमनी राजनांदगाव, वेद मेडिकल और सत्यम मेडिकल बसना में अनियमितता पाए जाने पर प्रशासनिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इसमें से 8 फर्मो में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल नहीं पाया गया, जिन्हें 7 दिवस के भीतर कैमरा लगाने निर्देशित किया गया। जांच के दौरान 11 औषधियों का विधिक नमूना संकलन किया गया एवं जांच के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया।

### कार्रवाई के निर्देश दिए गए

अमानक दवा के मामले में संबंधित जांच अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में दवा कंपनी से संबंधित राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन को सूचना प्रेषित की जाएगी।

**- बीआर साहू,** सहायक नियंत्रक, औषधि एवं खाद्य प्रशासन


लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]

डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]

महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग 9131880895, 8319870997

8, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर 83700 77700, 7024125200


## औद्योगिक भूमि का पट्टा अब 99 साल के लिए, उद्योगों के विकास को गति देने के लिए यह जरूरी

# सूक्ष्म से लेकर अल्ट्रा मेगा उद्योग, तय समय पर परियोजना पूरी करेंगे तभी अनुदान की पात्रता

**छत्तीसगढ़ में सूक्ष्म से लेकर अल्ट्रा मेगा उद्योगों को तय समय सीमा के भीतर ही प्रस्तावित परियोजना को पूरा करना होगा। यह करने पर उन्हें अनुदान की पात्रता होगी। राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने इस संबंध में पुराने नियम में नए संशोधन किए हैं। सरकार ने यह भी तय किया है कि अब उद्योगों को दी जाने वाली जमीन का पट्टा 99 साल के लिए दिया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

खास खबर

जिन सूक्ष्म, लघु, मध्यम, वृहद, मेगा अथवा अल्ट्रा मेगा उद्यमों के द्वारा औद्योगिक नीति 2024-30 की कंडिका 12.14 के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया अनुसार औद्योगिक नीति 2019-24 के औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का विकल्प निर्धारित समय अवधि के भीतर चुना गया है, उन्हें इस अधिसूचना के अन्तर्गत अनुदान की पात्रता होगी, लेकिन इस इसके लिए उन्हें उद्यम आकांक्षा,आईईएम जारी होने की तिथि में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के मामले में दो वर्ष, मध्यम उद्यम के मामले में तीन वर्ष, वृहद उद्यम के मामले में चार वर्ष, एवं अन्य उद्यमों के मामले में अधिकतम पांच वर्ष के भीतर प्रस्तावित परियोजना को पूर्ण करना होगा। यह संशोधन 17 सितंबर से प्रभावशील माना जाएग। लंबित आवेदनों का निराकरण इस संशोधन अनुसार किया जा सकेगा।

### अविकसित भूमि के लिए ये होगा प्रावधान

पूर्व में अविकसित भूमि के लिए आवंटित पट्टे के नवीनीकरण शुल्क का निर्धारण समीपस्थ औद्योगिक क्षेत्र के विकसित भूमि के समान होगा। पट्टे के विलेख में नवीनीकरण की अवधि के विषय में अन्य तथ्य होते हुए भी, भूमि के पट्टे का नवीनी 30 वर्ष के लिए तथा भवन,शेड, प्रकोष्ठ का नवीनीकरण 10 वर्ष के लिए किया जाएगा। नवीनीकरण के बाद आवश्यक संशोधनों को शामिल कर पट्टा विलेख कर निष्पादन करना होगा, जिसका पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।



### उद्योगों को अब जमीन का पट्टा 99 साल के लिए

राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने औद्योगिक पट्टे की अवधि एवं नवीनीकरण के प्रावधानों में बदलाव किया है। सरकार का कहना है कि राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए यह जरुरी था। यह भी कहा गया है कि औद्योगिक पट्टों की अवधि एवं नवीनीकरण के प्रावधानों में स्पष्टता और एकरूपता लाना लोकहित में आवश्यक है। अब पट्टे की अवधि भूमि के लिए अधिकतम 99 वर्ष तथा भवन, लेड, प्रकोष्ठ के लिये अधिकतम 30 वर्ष होगी।

### ऐसे होगा नवीनीकरण

औद्योगिक पट्टों के नवीकरण की प्रक्रिया भी सरकार ने तय की है। अब नवीनीकरण के लिए पट्टे की वैधता अवधि समाप्त होने के छः माह पूर्व आवेदन करना होगा। पट्टे की वैधता अवधि के अंतिम छः माह में आवेदन करने पर सूक्ष्म. लघु, मध्यम उद्यम के लिए 05 हजार रुपये एवं अन्य उद्यम के लिए 10 हजार रुपये का विलम्ब शुल्क अधिरोपित किया जाएगा। पट्टा अवधि के अवसान के बाद नवीनीकरण की स्थिति में तत्समय प्रचलित प्रब्याजी का 10 प्रतिशत प्रति विलंब वर्ष की दर से विलंब शुल्क अधिरोपित किया जाएगा। नवीनीकरण पूर्व निर्धारित प्रयोजन के लिए ही किया जा सकेगा। नवीनीकरण शुल्क के रूप में तत्समय प्रचलित प्रब्याजी के 10 प्रतिशत के बराबर राशि प्राप्त कर तथा तत्समय प्रचलित प्रब्याजी के आधार पर भू-भाटक, संधारण शुल्क एवं अन्य आवर्ती राशियों का निर्धारण कर आवंटन प्राधिकारी के द्वारा किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### पेश नहीं हुए शिक्षा सचिव, हाईकोर्ट ने जताई कड़ी नाराजगी



बिलासपुर। शिक्षा का अधिकार के मामले में हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। सुनवाई के दौरान शिक्षा सचिव की गैरहाजिरी पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई और स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कोर्ट को मजाक में न लें। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने कहा कि अगली तारीख पर सचिव स्वयं का शपथपत्र दाखिल करें। अदालत ने यह भी पूछा कि गरीब बच्चों का हक मारकर बड़े घरों के बच्चों को फर्जी दस्तावेज के आधार पर दाखिला दिलाने वालों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई हुई ? दरअसल भिलाई निवासी समाजिक कार्यकर्ता भगवंत राव ने अपने अधिवक्ता देवर्षि ठाकुर के माध्यम से जनहित याचिका दायर की है। याचिका में बताया गया है कि फर्जीवाड़े से आरटीई के तहत गरीब बच्चों की सीटें कब्जाई जा रही हैं और शिक्षा विभाग इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए अगली सुनवाई 17 अक्टूबर तय की है। अब इस दिन शिक्षा सचिव को खुद के जवाब सहित शपथपत्र पेश करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही याचिका में इस बात पर भी चिंता जाहिर की गई है जिस तरह प्ले स्कूल और कक्षा 2री तक के स्कूल गली गली में खड़े कर दिए गए हैं। जिनकी मान्यता पर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

## धर्मांतरण पर प्रहार: विधायक भावना ने कराई 70 लोगों की घर वापसी



कवर्धा। पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में धर्मांतरण कराने वालों पर बड़ा प्रहार हुआ है। विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से ग्राम झूमर, बोहिल, आगरपानी, नेउर और छिंदीडीह के 70 से अधिक जनजाति समाज के लोगों ने अपने मूल धर्म में वापसी की। कुई-कुकदुर स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति छात्रावास मैदान में आयोजित संस्कृति गौरव सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में विधायक बोहरा ने घर वापसी करने वालों के पैर पखारकर स्वागत और अभिनंदन किया। विधायक ने कहा कि घर वापसी केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि संस्कृति और पहचान को पुनः प्राप्त करने की दिशा में सशक्त कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग प्रलोभन और विदेशी फंडिंग से संचालित गतिविधियों के जरिए आदिवासी समाज की संस्कृति और विरासत को नुकसान पहुँचा रहे हैं। भाजपा सरकार धर्मांतरण की ऐसी गतिविधियों को कभी सफल नहीं होने देगी। प्रदेश में धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर कानून बनाए गए हैं और अवैध धर्म परिवर्तन करने पर 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। कार्यक्रम में कबीरधाम जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व नगर संघचालक हरीश लुनिया, मंडल अध्यक्ष बसंत वटिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित थे।






## 20 ट्रेनों से शुरुआत, छत्तीसगढ़ व उत्कल एक्सप्रेस भी शामिल

# प्रीमियम ट्रेनों की तरह एक्सप्रेस में भी टिकट के साथ लंच-डिनर की बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार



ट्रेनों में पैसे वसूलने, बिल न देने और अनाधिकृत विक्रेताओं द्वारा भोजन बेचने की शिकायतों को खत्म करने के लिए आईआरसीटीसी ने नई व्यवस्था बनाई है। अब प्रीमियम ट्रेनों की तरह नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट के साथ अपना भोजन बुक करवा सकते हैं। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने के बाद 20 ट्रेनों में यह सुविधा शुरू हुई है। चरणबद्ध तरीके से पेंट्री कार की सुविधा वाली अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में यह सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है। आईआरसीटीसी ने देश की जिन ट्रेनों में यह सुविधा दी है, उनमें जोन की छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और उत्कल एक्सप्रेस भी शामिल है। बता दें कि पहले केवल राजधानी, शताब्दी, वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों की तरह नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों में भी टिकट के साथ भोजन बुकिंग की सुविधा मिलती थी। एक्सप्रेस ट्रेनों में खानपान की गुणवत्ता सुधारने के लिए आईआरसीटीसी द्वारा ई-पैंट्री सेवा शुरू की गई है।

### भोजन नहीं मिलने पर वापस होगा पैसा

अधिकारियों का कहना है कि पूरी तरह से डिजिटल भुगतान होने के कारण अधिक मूल्य वसूलने की समस्या दूर होगी। केवल आईआरसीटीसी लाइसेंस प्राप्त कर्मचारी ही भोजन वितरित करते हैं, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है। अनुपालन, बिलिंग और सेवा गुणवत्ता के लिए ऑर्डर की डिजिटल रूप से निगरानी की जाती है। यदि किसी कारणवश भोजन नहीं मिलता है तो यात्री को पैसे वापस किए जाएंगे। एसएमएस, ईमेल या वाट्सएप के माध्यम से अपडेट साझा किए जाएंगे।

### दिल्ली से चलने वाली इन ट्रेनों में शुरू की गई ई-पैंट्री सेवा

कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (18237/18238) पुरी-ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस (18477/18478) नई दिल्ली-चेन्नई ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस (12615/12616) हजरत निजामुद्दीन-पुणे दर्शन एक्सप्रेस (12493/12494) नई दिल्ली-विशाखापत्तनम एपी एक्सप्रेस (20805/20806) नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (12303-04/12381-82) हजरत निजामुद्दीन- गोवा वास्को द गामा एक्सप्रेस (12779/12780) बांद्रा-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस (12925/12926) नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561/12562) आनंद विहार टर्मिनल-हटियास्वर्णजयंती एक्सप्रेस (12817/12818)।

### 20 ट्रेनों में इसकी शुरुआत

जून में डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी विवेक एक्सप्रेस में इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। उसके बेहतर परिणाम के बाद पेंट्री कार सुविधा वाली अन्य 20 ट्रेनों में इसकी शुरुआत की गई है। शीघ्र ही 100 ट्रेनों में और उसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में शुरू होगी। यात्रियों के फीडबैक की शिकायतों में कमी के आधार पर इस व्यवस्था का आईआरसीटीसी विस्तार करेगा।

**बिलासपुर**
**गुरुवार, 18 सितंबर 2025**
आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष: 25, अंक: 176
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य: 5.00***

**मौसम**
अधि. 31.8
न्यून. 23.9

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# विकासशील के सीएस बनने के बाद मंत्रालय से बाहर होंगे कई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में नए मुख्य सचिव के रूप में विकासशील की नियुक्ति की संभावना के बीच यह माना जा रहा है कि उनके पद संभालने के बाद बड़ा फेरबदल होगा। कुछ वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मंत्रालय से बाहर हो जाएंगे। दरअसल, नौकरशाही में यह परंपरा रही है कि नए सीएस की नियुक्ति के बाद उनके समकक्ष और वरिष्ठ अधिकारियों को मंत्रालय से बाहर अन्य स्थानों पर भेज दिया जाता है। राज्य में मौजूदा सीएस अमिताभ जैन पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सरकार ने उन्हें तीन महीने का एक्सटेंशन दिया था, यह अवधि भी सितंबर में पूरी हो रही है। इस बीच पिछले दिनों अचानक राज्य की सियासत से लेकर प्रशासनिक अमले में ये खबर तेजी ▶▶| शेष पेज 8 पर

## मंत्रालय से बाहर की जगह

राज्य में हमेशा देखा गया है कि नए सीएस के बनने के बाद उनसे वरिष्ठ या समकक्ष बैच के अधिकारी मंत्रालय से बाहर भेजे जाते हैं। इस तरह बाहर जाने वाले अधिकारियों के लिए राजस्व मंडल बिलासपुर, प्रशासन अकादमी निमोरा, माध्यमिक शिक्षा मंडल सहित अन्य स्थानों पर पदस्थ करने की परंपरा रही है। अब ये देखना दिलचस्प हो सकता है कि कौन अधिकारी मंत्रालय से बाहर होंगे और उनके लिए कौन सा स्थान उपयुक्त होगा।

## छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में रही है यही परंपरा

कुछ सीनियर अधिकारी हैं एसीएस कलेक्टर भी बदले जाएंगे



### ये हैं वरिष्ठ आईएएस

संभावित मुख्य सचिव विकासशील भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1994 बैच के अधिकारी हैं। वे लंबे समय से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर राज्य से बाहर सेवाएं देते रहे हैं। इधर राज्य में कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं जो वरिष्ठता क्रम में उनसे ऊपर हैं। इनमें पहला नाम एसीएस रेनु गोनेला पिल्ले का है। वे 1991 बैच की आईएएस हैं। उनके बाद एसीएस सुब्रत साहू 1992 बैच के अधिकारी हैं। उनके बाद के क्रम में अमित अग्रवाल 1993 बैच के हैं, हालांकि वे केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर राज्य से बाहर सेवाएं दे रहें हैं। इसी क्रम में एसीएस ऋचा शर्मा का नाम है। वे 1994 बैच की अधिकारी हैं। हालांकि वे विकासशील के समकक्ष बैच की हैं। इसी 1994 बैच में विकासशील की पत्नी निधि छिब्बर( फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर हैं) उनके बाद खुद विकासशील 1994, और मनोज कुमार पिंगुआ भी 1994 बैच के आईएएस हैं।

## छग विद्युत नियामक आयोग से हेमंत का इस्तीफा, अमिताभ बन सकते हैं अध्यक्ष

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है, जबकि उनका कार्यकाल अभी एक साल बचा हुआ था। यह कहा जा रहा है कि यह पद अब मुख्य सचिव अमिताभ जैन को दिया जा सकता है। 2021 में राज्य विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष बनाए गए हेमंत वर्मा एक साल पहले पद छोड़कर त्रिपुरा विद्युत नियामक आयोग जा रहे हैं। जुलाई 2026 में उनका पांच साल होता, मगर हेमंत का त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग में सलेक्शन हो गया है। वे 19 सितंबर को यहां से रिलीव हो जाएंगे, इसके ▶▶| शेष पेज 8 पर



■ त्रिपुरा विद्युत नियामक आयोग में वर्मा का चयन

### अमिताभ के नाम की चर्चा

मुख्य सचिव अमिताभ जैन का तीन माह का एक्सटेंशन 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। उनका नाम इस पद पर लिया जा रहा है। पहले उनका नाम मुख्य सूचना आयुक्त पद पर नियुक्ति के लिए लिया जा रहा था। उन्होंने इसके लिए साक्षात्कार भी दिया था। मामला हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण यह नियुक्ति अटकी हुई है। ऐसे में नियामक आयोग के पद पर उनकी नियुक्ति की चर्चा शुरू हो गई है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### इंडिगो ने अमिताभ को बनाया अतिरिक्त निदेशक

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने बुधवार को कहा कि अमिताभ कांत को 15 सितंबर से कंपनी के निदेशक मंडल में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। नागर विमानन मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद उनकी नियुक्ति की गई है। एयरलाइन ने तीन जुलाई को नीति आयोग के पूर्व सीईओ और भारत के जी20 शेरपा, अमिताभ कांत को बोर्ड में नियुक्त करने की घोषणा की थी। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, कंपनी को कल नागर विमानन मंत्रालय से 15 सितंबर, 2025 को आवश्यक सुरक्षा मंजूरी मिल गई है।



### एसयूवी-ऑटोरिक्शा की टक्कर में तीन की मौत

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में एक एसयूवी एवं ऑटोरिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा हुआ, जब जैरागी बाजार से सवारियों को लेकर लौट रहा एक ऑटोरिक्शा महुआडांड़-जैरागी मुख्य मार्ग पर (एसयूवी) से टकरा गया। टक्कर के कारण ऑटोरिक्शा पलट गया और हुंडरू नागेसिया (65) और बिट्टू तुरी (56) नामक दो बुजुर्गों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में ढाई साल के अनीश बारा को सिर में गंभीर चोटें आईं। बेहतर उपचार के लिए डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गुमला के सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### मानसून के कारण 1500 से अधिक मकान तबाह

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून के प्रकोप के कारण 20 जून से अब तक 1500 से अधिक परिवार बेघर हो गए हैं। राज्य में औसत वर्षा 1010.9 मिलीमीटर दर्ज की गई, जो सामान्य 692.1 मिमी से 46 प्रतिशत अधिक है। बादल फटने की 46 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की 98 घटनाएं और भूस्खलन की 145 घटनाएं हुई हैं। जबकि 417 लोगों की मौत हो चुकी है।



### 6 करोड़ की हेरोइन बरामद, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बाहरी उत्तर दिल्ली में करीब छह करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की। इस सिलसिले में पांच कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। नशीले पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत 3.1 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ रुपए है।

## नक्सलियों ने शांति वार्ता की रखी पेशकश, सरकार ने कहा पत्र की तस्दीक कर लेंगे निर्णय

# हिंसा छोड़ शांति की बात, और इधर, ग्रामीण को मार डाला, मुठभेड़ में भी मारे गए चार नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नक्सल संगठन के केन्द्रीय समिति प्रवक्ता अभय द्वारा शांतिवार्ता को लेकर जारी प्रेसनोट की प्रमाणिकता की फोर्स जांच कर रही है। इस बीच हिंसा जारी रही। नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ग्रामीण को मार डाला। इधर, सीमावर्ती इलाके में हुई मुठभेड़ में दो नक्सली भी मारे गए। वहीं बीजापुर में भी फोर्स ने दो नक्सली ढेर किए है। केन्द्रीय समिति द्वारा 15 अगस्त को जारी प्रेसनोट में सीजफायर का उल्लेख करते हुए शांतिवार्त की पेशकश की गई है। हालांकि यह पत्र एक माह बार मिडिया के जरिए वायरल हुआ, जिसे लेकर सरकार व पुलिस को उसकी विश्वसनीयता को लेकर संदेह है। केन्द्रीय समिति की ओर से जारी इस पत्र में हथियार डालने वा शांतिवार्ता का उल्लेख किया गया है। नक्सलियों के इस पत्र की प्रामाणिकता की पुलिस द्वार जांच की जा रही है। इसी बीच नक्सलियों के प्रवक्ता अभय की ओर से कुछ ही घंटे बाद ही शांतिवार्ता को लेकर एक ▶▶| शेष पेज 8 पर



### शांति वार्ता की कोशिश जारी

सेण्ट्रल कमेटी द्वारा जारी प्रेसनोट पर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 की तारीख डाली है, जिसमें नक्सलियों की ओर से लिखा गया है कि हथियारबंद संघर्ष को अस्थायी रूप से त्याग रहे हैं। मार्च 2025 से ही नक्सलवादी पार्टी सरकार के साथ शांति वार्ता करने के लिए गंभीरता और ईमानदारी के साथ कोशिश कर रही है। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय ने इस नोट में यह भी लिखा है कि विश्व और देश की बदली हुई ▶▶| शेष पेज 8 पर

मारे गए नक्सलियों के शव को चौपर से लाया गया



### सुरक्षाबलों ने दो वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया

बीजापुर जिले के पश्चिमी क्षेत्र में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच बुधवार दोपहर 3 बजे से रूक-रूककर जारी फायरिंग के बीच सुरक्षाबलों ने दो वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। इसकी पुष्टि करते हुए आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल दो वर्दीधारी नक्सलियों के शव के अलावा से 303 रायफल, बीजीएल लांचर सहित विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किए गए। पुलिस को बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। अभियान के दौरान दोपहर से सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम और माओवादियों के बीच रुक-रुककर फायरिंग जारी है। आईजी ने बताया कि अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 2 माओवादियों के शव के अलावा हथियार, विस्फोटक एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए मुठभेड़ के स्थान व ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाबलों की संख्या तथा अन्य संवेदनशील जानकारी इस समय साझा नहीं की जा सकती, ताकि ऑपरेशन में लगे जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। फोर्स के लौटने व ऑपरेशन पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी।

### एटापल्ली के जंगल में मुठभेड़, दो महिला नक्सली ढेर

*महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में फोर्स और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो दुर्दांत महिला माओवादियों को मार गिराया गया है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र की सी 60 कमाण्डो व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम नक्सल अभियान में निकली थी। इसी दौरान एटापल्ली के जंगल में हुए नक्सलियों से हुए भीषण मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया गया। गौरतलब है एक ओर नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी की ओर से शांतिवार्ता व सीज फायर की पेशकश की गई है, तो वहीं दूसरी ओर नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ भी जारी है। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की सीमा से* ▶▶| शेष पेज 8 पर

#### तलाशी जारी

*खुफिया इनपुट के बाद सी-60 कमांडो की टीम व सीआरपीएफ 191 बटालियन की संयुक्त टीम अभियान में रवाना हुई थी। एटापल्ली तालुका के पोस्ते गट्टा जांबिया अंतर्गत मौजा में नक्सलियों के छिपे होने की सूचना पर कार्रवाई करने एएसपी अहेरी के नेतृत्व में सी-60 कमांडो की पांच टीमें और सीआरपीएफ* ▶▶| शेष पेज 8 पर

## यूपी-दिल्ली पुलिस की कार्रवाई

# अभिनेत्री दिशा के घर फायरिंग मुठभेड़ में मार गिराए दो शूटर

एजेंसी ▶▶| लखनऊ/दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर के बाहर गोलीबारी करने के आरोपी रोहित गोदारा-गोल्डी बरार गिरोह के दो सक्रिय सदस्य बुधवार को गाजियाबाद में उत्तरप्रदेश एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की अपराध जांच इकाई के साथ मुठभेड़ में मारे गए। पिछली 12 सितंबर को तड़के करीब तीन बजकर 45 मिनट पर अज्ञात हमलावरों ने दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर के बाहर कई राउंड गोलीबारी की थी, जिससे इलाके में दहशत उत्पन्न हो गई थी। इस सिलसिले में बरेली कोतवाली थाने में एक मामला दर्ज किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध के प्रति राज्य सरकार की 'बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने' की नीति दोहराते हुए मामले में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, खुफिया जानकारी जुटाई और पड़ोसी राज्यों के रिकॉर्ड का मिलान किया, जिससे शूटरों की पहचान रोहतक निवासी रवींद्र और सोनीपत के गोहाना रोड स्थित इंडियन कॉलोनी निवासी अरुण के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि बुधवार को एसटीएफ की नोएडा इकाई और दिल्ली पुलिस की ▶▶| शेष पेज 8 पर



### सुरक्षा पर तैनात रहेंगे जवान

बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि मुठभेड़ में दो आरोपियों के मारे जाने के बाद भी पाटनी के घर की सुरक्षा बरकरार रहेगी। अभिनेता के पिता जगदीश पाटनी ने बताया कि पुलिस ने उन्हें सूचित किया है कि उनके घर के बाहर गोलीबारी करने वाले लोग मुठभेड़ में मारे गए हैं। उन्होंने कहा, 'मुठभेड़ के बारे में मुझे विस्तार से कोई जानकारी नहीं है, लिहाजा मैं इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहता।

विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचन आयोग के कही बड़ी बात

# राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को नहीं देना होगा कोई दस्तावेज!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि ज्यादातर राज्यों में मतदाता सूची का आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2002 और 2004 के बीच हुआ था। अगले एसआईआर के लिए इसी साल को उनकी कट-ऑफ तारीख का आधार माना जाएगा। अधिकारियों ने पहले बताया था कि आयोग जल्द ही पूरे भारत में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करने की तारीख तय करेगा और राज्यों में मतदाता सूची की समीक्षा का काम साल के अंत से पहले शुरू हो सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे पिछले एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें।




### ईवीएम में उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें

ईवीएम में अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी और इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनावों से होगी। वर्ष 2015 से ईवीएम पर उम्मीदवारों की श्वेत-श्याम तस्वीरें होती थीं, जिन्हें पहचानना कई मतदाताओं के लिए मुश्किल होता था।

### राष्ट्रीय राजधानी में एसआईआर की तैयारी

राष्ट्रीय राजधानी में निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। अब 2002 की मतदाता सूची में जिनके नाम दर्ज नहीं है उन्हें अपने पहचान पत्र प्रस्तुत करने होंगे। हालांकि एसआईआर शुरू होने की तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी।

# ट्रंप ने ड्रग्स तस्करी में चीन और पाक के साथ भारत का लिया नाम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, अफगानिस्तान, भारत और पाकिस्तान को ड्रग्स तस्करी या अवैध ड्रग्स बनाने वाले 23 प्रमुख देशों की सूची में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि ये देश अवैध ड्रग्स और उनके कच्चे माल का उत्पादन और तस्करी करके अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। कांग्रेस को दिए 'प्रेसीडेंशियल डिटरमिनेशन' में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 23 देशों को ड्रग्स तस्करी या अवैध ड्रग्स बनाने वाले प्रमुख देश के रूप में चिह्नित किया गया है। इन देशों में ▶▶| शेष पेज 8 पर



■ 23 देशों समेत इस लिस्ट में डाला

### ट्रंप ने सौंपी इन देशों की सूची

व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रंप ने संसद को इन देशों की सूची सौंपी, जिसमें इन देशों को अमेरिका में अवैध ड्रग्स की सप्लाई और तस्करी के लिए जिम्मेदार बताया गया है। विदेश विभाग ने इन 23 देशों के बारे में राष्ट्रपति के फैसले की घोषणा की। इनमें अफगानिस्तान, बोलिविया, म्यांमार, कोलंबिया और वेनेजुएला जैसे पांच देश ऐसे हैं, जिन्हें पर्याप्त प्रयास नहीं करने के लिए दोषी ठहराया गया है और उनसे नशीली वस्तुओं के खिलाफ अपने प्रयासों को बेहतर बनाने को कहा गया है।

## तीन नकाबापोश ने वारदात को दिया अंजाम

# बंधक बनाकर बैंक से लूटे 20 करोड़ के जेवर और एक करोड़ रुपए कैश

एजेंसी ▶▶| विजयपुरा

कर्नाटक के विजयपुरा जिले में तीन नकाबपोश लोग एक सरकारी बैंक की शाखा में घुस गए और पिस्तौल तथा चाकू का भय दिखाकर कर्मचारियों को बांध दिया तथा एक करोड़ रुपए नकद एवं 20 करोड़ रुपए मूल्य के स्वर्ण आभूषण लूट लिए। पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे हुई जब भारतीय स्टेट बैंक की चडचन शाखा में तीन नकाबपोश घुस आए तथा कर्मचारियों को बंधक बना लिया। बैंक अधिकारियों के आकलन के अनुसार 21 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति की डकैती हुई है।

### कार की पहचान

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा, कार की पहचान कर ली गई है। मैंने विजयपुरा एसपी से बात की है और उन्हें आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के भी निर्देश दिए गए हैं। जब उनसे क्षेत्र में बढ़ती डकैतियों के बारे में पूछा गया, तो मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने पुलिस को आवश्यक सावधानी बरतने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

## 24 को पटना में होगी बैठक

# सीडब्ल्यूसी में विस चुनाव वोट चोरी पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आगामी 24 सितंबर को पटना में होगी, जिसमें पार्टी का शीर्ष नेतृत्व आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर चर्चा के साथ ही "वोट चोरी" के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी को घेरने के अभियान को तेज करने पर मंत्रणा कर सकता है। यह विस्तारित कार्य समिति की बैठक होगी, जिसमें स्थायी आमंत्रित सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य, पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, पार्टी की राज्य इकाइयों के अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक दल के नेता भी भाग लेंगे।



### शीर्ष नेता रहेंगे मौजूद

बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी शीर्ष नेता मौजूद रहेंगे। यह बैठक महागठबंधन के सहयोगियों में सीट बंटवारे पर बातचीत के बीच और कथित वोट चोरी के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद हो रही है।

## यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में वरुण नंबर-1 बॉलर

एजेंसी ▶▶| दुबई

स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं। चक्रवर्ती ने एशिया कप में यूएई के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। आईसीसी ने एक बयान में कहा, भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है और वह आईसीसी पुरूष टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए। बुमराह चार पायदान चढकर 40वें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए।



### टॉप-5 भारतीय गेंदबाज

वरुण चक्रवर्ती - 1
रवि बिश्नोई - 8
अक्षर पटेल - 12
अर्शदीप सिंह - 14
कुलदीप यादव - 23

### अर्शदीप को झेलना पड़ा नुकसान

वरुण चक्रवर्ती ना केवल भारत बल्कि दुनिया के टॉप टी20 गेंदबाज हैं। भारतीयों की लिस्ट में दूसरे स्थान पर रवि बिश्नोई हैं, जो दो स्थान फिसलकर आठवें नंबर पर चले गए हैं। अक्षर पटेल एक स्थान के फायदे के साथ 12वें पायदान पर हैं। अर्शदीप सिंह को अभी तक एशिया कप में एक भी मैच ना खेलने का नुकसान झेलना पड़ा है। वो टॉप-10 से बाहर होकर 14वें स्थान पर आ गए हैं।

### बुमराह और बिश्नोई के बाद तीसरे

चक्रवर्ती से पहले सिर्फ दो भारतीय गेंदबाज ही टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर पहुंचे हैं। इनमें बुमराह और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई शामिल हैं। अब वरुण चक्रवर्ती भी इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं।

### अभिषेक को ऑलराउंडर्स में भी फायदा

ऑलराउंडर्स में हार्दिक पांड्या शीर्ष पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शीर्ष पर बने हुए हैं जिन्होंने करियर के सर्वोच्च 884 रेटिंग अंक हासिल कर लिए। शुभमन गिल 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

चिंतन

# भारतवर्ष को एक बार फिर स्वदेशी आंदोलन की जरूरत

अठारह सौ सत्तावन का विद्रोह हो, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन या फिर स्वदेशी आंदोलन, भारत की आजादी की लड़ाई में सारे वो पल थे, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया। इन आंदोलनों ने न केवल आजादी की लड़ाई को तेज धार दी, बल्कि ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को हिलाकर रख दिया। आजादी की इस लड़ाई में स्वदेशी आंदोलन का अहम योगदान रहा। महात्मा गांधी ने 22 अगस्त 1921 को विदेशी कपड़ों की होली जलाकर स्वदेशी' का नारा बुलंद किया। यह घटना न केवल ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध था, बल्कि भारतीयों में आत्मसम्मान और स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्रेम जगाने का एक शक्तिशाली कदम भी था। इस ऐतिहासिक क्षण ने स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी भावना को प्रज्ज्वलित करने का काम किया। गांधीजी का मानना था कि स्वदेशी की भावना का पालन करने वाले व्यक्ति को केवल अपने निकटवर्ती पड़ोसियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए और उन उद्योगों को कुशल बनाकर उनकी सेवा करनी चाहिए, और उन क्षेत्रों में उन्हें मज़बूत करना चाहिए जहां उनकी कमी है। इससे न केवल गरीबी से मुक्ति मिलेगी बल्कि सहकारिता का भाव भी जागृत होगा। आज देश को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। स्वदेशी केवल वस्तु नहीं, अपितु एक विचार है। आजादी से पहले विदेशी दासता के विरुद्ध संघर्ष का माध्यम बना था और अब इसे देश के विकास की धुरी बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्यप्रदेश के धार में अमेरिका के ट्रम्प टैरिफ का जवाब देते हुए स्वदेशी चीजें खरीदने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वो देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए। हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है। हमारे विदेशी प्रेम के चलते न केवल अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है बल्कि हम अनेक चीजों के लिए विदेशी ताकतों के अधीन होकर रह गए हैं। स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का सबसे आसान और कारगर तरीका यही है कि रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं में हम अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का स्वयं उपयोग करें और दूसरों को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित करें। प्रशासन, मीडिया आदि के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं का अधिक-से-अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए और स्वदेशी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जाए। अब आप जरा ध्यान से समझें कि भारत एक घर है, और अमेरिका या यूरोप दूसरा घर। यदि आप भारत वासी होकर अमेरिका के घर की दुकान से सामान खरीदोगे तो वो पैसा और उसके अंदर की कमाई अमेरिका के घर के सुधार में ही लगेगी, वो पैसा तो गया भारत से। हम अगर अपने स्वदेश की चीजों पर पैसा खर्चेंगे तो जो हमारे उत्पादक भाई बंधू हैं उन्हें और पैसा मिलेगा, इससे वो और अच्छी वस्तुओं का निर्माण करने में लगायेंगे। कुछ त्याग आप और हम करेंगे तो ही ये देश खड़ा होगा, तेज गति से विकास करेगा। विज्ञापनों पर मत जाइये अपनी अक्ल लगाइए। कोई भी वस्तु ख़रीदें तो याद रखें कि वो देश का भला करने के लिए है या नहीं। स्वदेशी अपनाकर हम देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत तो करते ही हैं। स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देते हैं, रोज़गार के अवसर बढ़ाते हैं और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। यह अपनी संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का संरक्षण भी करता है, इसीलिए जरूरी है कि स्वदेशी को आंदोलन का रूप दें।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# जीएसटी सुधार से मजबूत होंगे एमएसएमई

ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी।

यकीनन ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। एमएसएमई से जुड़े जीएसटी सुधार प्रमुख रूप से ऑटोमोबाइल, ड्रायफ्रूट्स उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी उत्पाद, परिधान, लॉजिस्टिक्स, हस्तशिल्प, आवास निर्माण उत्पाद क्षेत्रों की इकाइयों को भारी लाभ देंगे। एमएसएमई क्षेत्र में जीएसटी दरों को कम किए जाने की रणनीति आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने तथा विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण उद्यमियों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार को बढ़ावा देगी।

इससे खासतौर से वस्त्र, खिलौने, हस्तशिल्प, चमड़ा और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि दोपहिया वाहनों, कारों, बसों और ट्रैक्टरों पर कम जीएसटी से मांग बढ़ेगी, जिससे टायर, बैटरी, ग्लास, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के एमएसएमई को लाभ होगा। ट्रैक्टरों पर जीएसटी घटाकर 5 फीसदी (1800 सीसी) करने से भारत की वैश्विक स्तर पर ट्रैक्टर विनिर्माण में अग्रणी बनने की स्थिति मजबूत होगी। साथ ही इससे संबद्ध एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा। वाणिज्यिक माल वाहनों (ट्रक, डिलीवरी वैन) पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिए जाने से माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स लागत, महंगाई का दबाव कम होने से एमएसएमई को लाभ होगा। ऐसे में निश्चित रूप से जीएसटी की नई स्लैब से आम आदमी, छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को राहत मिलेगी। चाहे आम आदमी के इस्तेमाल की चीज हों, चाहे वह किसानों से जुड़ी वस्तुएँ हों, चाहे वह मध्यम वर्ग से संबंधित वस्तुएं हों, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा का क्षेत्र हो, प्रत्येक क्षेत्र में एमएसएमई को दी गई बड़ी जीएसटी राहत अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार देंगी। यद्यपि अब जीएसटी दर घटने से एमएसएमई को कर राहत जरूर मिलेगी, लेकिन इसके अलावा एमएसएमई के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं। सिडबी की रिपोर्ट के मुताबिक अभी एमएसएमई के लिए सरल कर्ज की प्राप्ति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में लगातार अपनी अहम भूमिका बढ़ाता जा रहा है। विगत 21 जुलाई को राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब



28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकर ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभर कर दिखाई दे रही हैं।

निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहल शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की डगर पर आगे बढ़ रही है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। अब एमएसएमई के बढ़ावा देने की नई योजना, कारोबार में सरलता, वैश्विक बाजार में सरल पहुंच, अनुपालन बोझ में कमी, जीएसटी दरों में सरलता पर ध्यान देना। एमएसएमई को सीधे मदद और प्रक्रियाओं के माध्यम से मदद, दोनों ही डगर पर आगे बढ़ना होगा। इससे उनके व्यापक ढांचे में लचीलापन मिल सकेगा और उनके अनुपालन लागत में भी कमी आएगी। सरकार के द्वारा एमएसएमई के कारोबार करने को आसान बनाने और घरेलू खपत को बढ़ाने के तरीकों पर नए सिरे से आगे बढ़ना होगा। नई सप्लाई चेन और नए बाजारों की तलाश की जान होगी। विदेशों में वेयरहाउसिंग की सुविधा और वैश्विक ब्रांडिंग पहल से भी निर्यात का बाजार बढ़ाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जानी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों कारोबार सरलता, डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, वैश्विक बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी, नई टेक्नोलॉजी के सहयोग, स्किल डेवलपमेंट अनुपालन बोझ में कमी जैसी अहम चुनौतियों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी और इससे देश आगे बढ़ेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अभियान
विवेक शुक्ला



# दो सफल ऑपरेशन के बाद अंतिम सांसें गिनते आतंकी

बीते कुछ महीनों में, विशेष रूप से 2025 में, दो प्रमुख अभियान ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को गहरी चोट पहुंचाई है। ये अभियान आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे कुष्ठ रोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के उदाहरण हैं। इन ऑपरेशनों के सफल परिणामों ने न केवल सीमापार आतंकवादियों और आंतरिक विद्रोहियों को धूल चटा दी है, बल्कि पूरे राष्ट्र को एकजुटता और आत्मविश्वास का संदेश भी दिया है। ऑपरेशन महादेव जम्मू-कश्मीर की धरती पर एक मील का पत्थर साबित हुआ, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत प्रमाण है। जुलाई 2025 में शुरू हुआ यह अभियान, विशेष रूप से पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड्स को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। पहलगाम हमला, जिसमें निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों को निशाना बनाया गया था, ने पूरे देश को झकझोर दिया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त प्रयासों ने मात्र 14 दिनों में तीन शीर्ष पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन ने देश-विरोधी ताकतों को धूल में मिला दिया क्योंकि यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक झटका था। लश्कर जैसे संगठन, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के प्रतीक हैं, अब भारत की सीमाओं के पास सांस लेने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। पहले जहां ये तत्व घुसपैठ कर निर्दोषों का खून बहाते थे, अब वे छिपने के लिए मजबूर हैं। उधर, ऑपरेशन महादेव ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की सुरक्षा एजेंसियां किसी भी साजिश को कुचलने में सक्षम हैं। नतीजतन, जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में विश्वास बहाल हुआ है। यह सफलता न केवल स्थानीय आबादी को सुरक्षा का आश्वासन देती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करती है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'सिंदूर स्ट्राइक' का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह आतंक के आकाओं को चेतावनी है कि भारतीय नागरिकों की जान से खेलने का अंजाम विनाशकारी होगा। अब बात करते हैं ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट की, जो नक्सलवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। मई 2025 में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर शुरू हुआ यह 24-दिवसीय अभियान, करेगुट्टालु पहाड़ियों जैसे नक्सली किलों को लक्ष्य बनाया गया। नक्सलवाद, जो दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में विकास को बाधित कर रहा था, अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। सुरक्षा बलों ने 31 कुख्यात माओवादियों को मार गिराया, जिनमें टॉप लीडर बसवराजू जैसे नाम शामिल थे, जिन पर कुल 1.72 करोड़ रुपये का इनाम था। इसके अलावा, 214 नक्सली ठिकाने और बंकर ध्वस्त किए गए, 450 आईईडी, 818 बीजीएल शेल और 899 कोडेक्स बंडल जब्त किए गए। यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दृष्टि से सफल रहा, बल्कि यह नक्सलवाद के 'यूनिफाइड कमांड' को तोड़ने में भी कारगर साबित हुआ। देश-विरोधी ताकतों को धूल चटाने का यह अभियान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नक्सली लंबे समय से 'रेड टेरर' फैला रहे थे। वे विकास परियोजनाओं को नष्ट करते, निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बनाते और सरकार को कमजोर दिखाने का प्रयास करते। लेकिन ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने इन तत्वों की कमर तोड़ दी। 27 से अधिक विद्रोहियों की मौत, जिसमें शीर्ष कमांडर शामिल थे, ने नक्सल नेटवर्क को विखंडित कर दिया। अब करेगुट्टालु पहाड़ियों पर तिरंगा लहरा रहा है, जो माओवादी किले से शांति का प्रतीक बन गया है। सीआरपीएफ महानिदेशक ने इसे 'नक्सलवाद के अंत की शुरुआत' बताया, जो सही मायने में सत्य है। इन परिणामों से न केवल आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई, बल्कि आदिवासी समुदायों में विकास का द्वार खुला है। स्कूल, अस्पताल और सड़कें अब बिना डर के बन सकेंगी, जो नक्सलियों की सबसे बड़ी हार है। इन दोनों अभियानों की सफलता का श्रेय निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है। ऑपरेशन महादेव और ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को पूरी तरह धूल में मिला दिया है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियां अब इतिहास का हिस्सा बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और गृह मंत्री शाह की रणनीतिक कुशलता ने इन सफलताओं को संभव बनाया। यह विजय न केवल सुरक्षा बलों की बहादुरी का सम्मान है, बल्कि पूरे राष्ट्र की एकता का प्रतीक भी। भविष्य में, ऐसे अभियान जारी रहेंगे, और भारत एक सुरक्षित, समृद्ध राष्ट्र के रूप में चमकेगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## हे श्री कृष्णा! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाए, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

नारदीय नवरात्र की तैयारी



शारदीय नवरात्र के लिए कुछ की ही दिन बाकी है, दुर्गा पूजा उत्सव से पहले प्रयागराज में एक कारीगर देवी दुर्गा की मूर्ति पर काम करता हुआ।

आज की पाती

### भारत की कैसी ऋण प्रणाली

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है। लेकिन ये बड़े कारोबारी हमेशा सरकारों और बड़े नेताओं के करीबी होने का फायदा उठाते हैं और इन पर वाजिब कार्रवाई भी नहीं हो पाती। *- सतीश एक्का, कांकेर*

करंट अफेयर

## दुनिया संकट के कगार पर शांति पर निवेश होगा करना




वैश्विक सुरक्षा संकेतक स्पष्ट रूप से बताते हैं कि शांति और स्थिरता की स्थिति में गंभीर गिरावट आई है। अधिकांश रिपोर्टों के अनुसार, आज की दुनिया हाल के इतिहास में कहीं अधिक हिंसाग्रस्त और खतरनाक बन चुकी है। साल 2024 में, विशवभर में राज्य-आधारित संघर्षों की संख्या 1946 के बाद अपने सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। लगातार दस वर्षों से सैन्य खर्च बढ़ रहा है और यह अब वार्षिक 2.7 खरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। सशस्त्र संघर्षों के पीड़ित बच्चों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जबकि महिलाओं के अधिकारों पर भी वैश्विक स्तर पर खतरा है। विश्व आज कई जटिल संकटों का सामना कर रहा है। सितंबर 2024 में, संयुक्त राष्ट्र ने 'समिट फॉर द फ्यूचर' का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य शीत युद्ध के बाद बहुपक्षीय प्रणाली के पतन, बढ़ती संघर्ष स्थितियों और मानवीय आपदाओं से निपटने पर चर्चा करना था। ये सभी संकट जलवायु परिवर्तन के युग में उभर रहे हैं। ये संकट आपस में जुड़े हुए हैं, क्योंकि बढ़ती गर्मी और सूखे की स्थितियों के कारण हिंसा की आशंका बढ़ जाती है। इसके साथ ही, सैन्य बल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और पर्यावरणीय क्षति में भी बड़ी भूमिका निभाते हैं, जो कभी-कभी पर्यावरणीय अपराध के रूप में देखा जाता है।

ऑफ बीट

## अपच आम बात है पर कभी कभी चिंताजनक भी

मानव शरीर में पाचन तंत्र को दो भागों में बांटा जाता है- ऊपरी और निचला। ऊपरी पाचन तंत्र में मुंह, ग्रसनी, इसोफेगस (अन्ननली), पेट और छोटी आंत



का पहला भाग डिओडेनम शामिल होता है। इन हिस्सों से जुड़ी समस्याओं में आमतौर पर डिस्पेप्सिया (अपच) शामिल है, जिसमें पेट फूलना, डकार आना, मतली और भारीपन जैसी शिकायतें देखी जाती हैं। यह स्थिति अम्लता, रिफ्लक्स या वॉटरब्रैश यानी गले में कड़वाहट के रूप में भी सामने आ सकती है। बाजार में अपच से राहत देने वाली कई दवाएं उपलब्ध हैं जैसे कि पेप्टो-बिस्मोल, गैविस्कॉन (जो पेट की अम्लीय परत पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है), और रैनी जैसी चबाने वाली टैबलेट। ओमेप्राजोल जैसी एसिड-घटाने वाली दवाएं भी बिना डॉक्टर के पर्चे के मिलती हैं, लेकिन लंबे समय तक इनका इस्तेमाल गंभीर बीमारियों की पहचान में देरी कर सकता है। अपच के संभावित कारण: तेज मसालेदार भोजन, पेट का संक्रमण, हाइटस हर्निया, गर्भावस्था, मोटापा, धूम्रपान और कुछ दवाएं (जैसे कि आईबुप्रोफेन, एंटीडिप्रेसेंट्स, आयरन टैबलेट्स) अपच का कारण बन सकती हैं। कुछ मामलों में यह हेलिकोबैक्टर पाइलोरी नामक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण भी होता है, जो पेट की परत में रहकर अल्सर का कारण बन सकता है।

ट्रेंड

### चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



एक समय कहा जाता था कि विकास और इकोनॉमी के कार्य एक साथ संभव नहीं हैं। मोदी जी ने यह दिखाया कि कैसे गरीबों का कल्याण और अर्थव्यवस्था का उत्थान समानांतर संभव है। उनके नेतृत्व में भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सिकल सेल एनीमिया



हमारे जनजातीय बहुल इलाकों में सिकल सेल एनीमिया एक बहुत बड़ा संकट होता है। हमारी सरकार जनजातीय भाई-बहनों को इस बीमारी से बचाने के लिए राष्ट्रीय मिशन चला रही है। आज मध्यप्रदेश में ही सिकल सेल स्क्रीनिंग का 1 करोड़वां कार्ड वितरित हुआ है।
- जेपी नड्डा, सीएम, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार



'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार है। आज केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में दिल्ली में भी इस अभियान का शुभारंभ किया।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### बेहद निंदनीय



सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आजीवन कार्य करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले के चैप्टर को राजस्थान यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस पाठ्यक्रम से हटाया जाना बेहद निंदनीय है।
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI
NEXA
CELEBRATIONS
JUST GOT BIGGER.
WITH GST BENEFITS#
AVAIL SPECIAL BOOKING OFFER OF ₹ 10 000*
GRAND VITARA
XL6
*OFFER VALID
ON BOOKINGS
DONE TILL 20TH SEPTEMBER 2025
NEXA SAFETY SHIELD
ESP WITH HILL HOLD ASSIST
6 AIRBAGS AS STANDARD
3 POINT ELR WITH SEAT BELT REMINDER
ABS WITH EBD
ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
REVERSE PARKING ASSIST
FRONTAL OFFSET IMPACT, SIDE IMPACT, AND PEDESTRIAN COMPLIANCE
3 YEARS/1 00 000km WARRANTY
CONSUMER OFFERS OF UP TO ₹ 90 000^
EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹ 1 00 000^
UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE**
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the rights to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. ^Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer. 3 years or 100 000 km, whichever is earlier. Above offers are valid until stocks last. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper. Revised price effective from September 22, 2025. #Prices subject to applicable GST rates as notified by the Government. **By selected finance partners.



अनेक वजहों से आज के दौर में बहुत से लोग कब्ज की समस्या से ग्रस्त रहते हैं। इसके कारणों को जानकर आप कुछ उपायों पर अमल करके इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। इनके बारे में जानिए।

# तब कब्ज नहीं करेगा परेशान

**ट्रीटमेंट**

**शिखर चंद जैन**



वर्तमान समय में कब्ज की समस्या लोगों में काफी बढ़ गई है। इसके कई कारण हैं। मुख्य रूप से हमारी आधुनिक जीवनशैली, बिगड़ा खान-पान और पर्यावरण में बदलाव इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**अनहेल्दी डाइट:** फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड की बढ़ती हुई आदत, फाइबर युक्त भोजन (जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज) की कमी और और कम पोषक तत्वों वाले आहार का अधिक सेवन हमारी आंतों को नुकसान पहुंचाते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से मल नरम नहीं रहता और पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है। साथ ही अत्यधिक चीनी, वसा और रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन का सेवन भी नुकसानदायक है।

**बदलती जीवनशैली:** शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे लंबे समय तक बैठे रहना, व्यायाम न करना आदि से आंतों की गतिशीलता कम होती है। नींद पर्याप्त न लेना भी पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। व्यस्तता या सुविधाओं की कमी के कारण शौच की इच्छा को बार-बार दबाना भी एक बड़ी वजह है।



**मानसिक स्वास्थ्य:** आधुनिक जीवन का तनाव, चिंता और अवसाद पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। तनाव आंतों की गतिशीलता को कम कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आंत-मस्तिष्क संबंध को प्रभावित करती हैं।

**चिकित्सीय कारण:** कुछ दवाएं जैसे दर्द निवारक, एंटासिड, एंटी-डिप्रेसेंट और आयरन सप्लीमेंट्स कब्ज का कारण बन सकती हैं। मधुमेह, थायरॉइड और अन्य पुरानी बीमारियां भी पाचन तंत्र को प्रभावित करती हैं।

**आयु और हार्मोनल बदलाव:** उम्र बढ़ने के साथ आंतों की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसके अलावा गर्भावस्था, मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति जैसे हार्मोनल बदलाव भी कब्ज को बढ़ा सकते हैं।

**समाधान के उपाय:** कब्ज से बचाव के कई उपाय हैं।

**चोकरयुक्त आटा:** डायबिटिक डाइटीशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट्स कहते हैं कि यदि 3 मुट्ठी आटे में एक मुट्ठी चोकर डालकर गूंधा जाए तो इस आटे से बनी चपाती अधिक संतुष्टि देती है। चोकरयुक्त आटे का इस्तेमाल किया जाए, तो रोटियां पौष्टिकता देने के साथ-साथ वजन भी कम करेंगी और पेट भी साफ रहेगा।

**ओट्स:** ओट्स में मौजूद घुलनशील डाइटरी फाइबर पाचन क्रिया को सुचारु रखता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है। इससे कब्ज की शिकायत नहीं रहती। यदि नाश्ते में सुबह केवल ओट्स लेते हैं, तो साथ में सूखे फल और ताजा मौसमी फल जैसे सेब, नाशपाती, आम, स्ट्राबेरी, केला, ब्लूबेरी इत्यादि अवश्य लें। ऐसा करना पौष्टिकता देने के साथ पेट भी साफ रखेगा।

**कुदरती उपचार:** सुबह उठते ही सीधे लेट जाएं, फिर एक तौलिया ठंडे पानी में भिगोकर पेट पर रखें। उसके ऊपर गरम शॉल लपेट लें। 10 मिनट के बाद ठंडा तौलिया हटाकर उस के स्थान पर गरम पानी में भीगा निचोड़ा हुआ तौलिया पेट पर रख कर उस के ऊपर शॉल लपेट कर 10-15 मिनट लेटें। शुरू-शुरू में यह प्रक्रिया हो सके तो 2-3 बार करें। आप देखेंगे बहुत जल्द ही आप के बॉवेल सिंड्रोम और बॉवेल मूवमेंट में फर्क पड़ेगा। सर्द-गरम पेट पर पट्टी लगाने और हल्की-फुल्की कसरत से भी लाभ होगा।

## ये भी आजमाएं

- फाइबरयुक्त आहार (जैसे हरी सब्जियां, फल, ओट्स, चिया सीड्स) का सेवन बढ़ाने से लाभ होगा।
- रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं।
- नियमित किसी भी तरह का व्यायाम करें, जैसे योग या तेज चलना।
- तनाव प्रबंधन के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं।
- शौच की इच्छा को नजरअंदाज न करें और नियमित समय पर शौच जाएं।
- आवश्यक हो तो चिकित्सक से सलाह लें, विशेष रूप से यदि कब्ज पुराना हो। *

**(आयुर्वेद-यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राजन शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ.(प्रोफेसर) विनय गोयल**
चेयरमैन-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

डब्ल्यूएचओ के अनुसार साढ़े पांच करोड़ से अधिक लोग दुनिया भर में डिमेंशिया (जिसका एक प्रमुख प्रकार अल्जाइमर डिजीज (संक्षेप में ए.डी. है) से पीड़ित हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से ही संबंधित होते हैं।

## क्या है अल्जाइमर

जर्मनी के प्रख्यात मनोचिकित्सक एलोइस अल्जाइमर ने अल्जाइर रोग की पहचान की थी। इसलिए उन्हीं के नाम पर इस मर्ज का नाम अल्जाइमर पड़ा, जिसे अंग्रेजी भाषा में 'अल्जाइमर्स डिजीज' या ए.डी. कहा जाता है। एलोइस अल्जाइमर ने कहा था कि जब युवावस्था की दोपहर के बाद जिंदगी की शाम होती है, तब यादें ही हमारा सहारा होती है। मन दुखद यादों को भूलना चाहता है और सुखद यादों में डूबना चाहता है। उम्र बढ़ने के साथ यादें हमारी साथी बन जाती हैं, लेकिन क्या होगा अगर याद्दाश्त खुद ही फीकी पड़ने लगे और खो जाए? अल्जाइमर रोग में यही होता है।

## समय रहते हो जाएं सचेत

डिमेंशिया (मनोभ्रंश) का एक प्रमुख प्रकार है- अल्जाइमर। डिमेंशिया मस्तिष्क संबंधी विकारों का एक समूह है, जिसमें व्यक्ति की याद्दाश्त, सोच, भाषा और उसका कौशल क्षीण होने लगता है और उसके व्यक्तित्व एवं व्यवहार में नकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से संबंधित होते हैं। गौरतलब है कि अल्जाइमर की समस्या रातों-रात नहीं होती। कई सालों के बाद यह रोग गंभीर रूप धारण करता है। समय रहते इस रोग का पता चलने पर पीड़ित व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) 8-10 साल से अधिक हो सकती है, हालांकि इसके अपवाद भी संभव हैं।

## रोग के कारण

बढ़ती उम्र यानी वृद्धावस्था (आमतौर पर 60 साल से अधिक) में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के मृत होने और इनमें असामान्य रूप से प्रोटीन के संचित होने को अल्जाइमर का कारण माना जाता है, लेकिन इस रोग के कारणों पर अभी तक शोध-अध्ययन जारी हैं।

## ये हैं प्रमुख लक्षण

- चंद दिनों पहले घटी घटना भी भूल जाना।
- हाल में ही संपर्क में आए लोगों के नामों को भी भूल जाना।
- समय और स्थान के बारे में असमंजस होना।
- अत्यंत गंभीर स्थिति में मरीज अपने परिजनों तक को नहीं पहचानता या फिर उनका नाम भूल जाता है।
- बोलते समय सही शब्द का चयन और उच्चारण करने में दिक्कत।
- नित्य क्रिया और दैनिक कार्य करने में कठिनाई जैसे कमीज के बटन बंद करने में दिक्कत महसूस करना आदि।
- लोगों का चेहरा पहचानने में परेशानी।
- पीड़ित व्यक्ति के व्यक्तित्व में नकारात्मक परिवर्तन होना।
- अल्जाइमर रोगी अकसर समाज से अलग-थलग पड़ जाते हैं। इस कारण ये अवसाद से ग्रस्त हो सकते हैं। क्रोध और चिड़चिड़ापन इनके स्वभाव का अंग बन जाता है।
- आमतौर पर अल्जाइमर के लक्षण इस बीमारी की अवस्था (स्टेज) पर निर्भर करते हैं। जैसे बीमारी के शुरुआती दौर में व्यक्ति नाम या स्थान को कुछ सेकेंड या मिनट के लिए भूल सकता है, लेकिन बीमारी की तीसरी अवस्था या स्टेज में व्यक्ति अपने घर वालों का नाम भी भूल सकता है।

**स्पेशल: वर्ल्ड अल्जाइमर-डे, 21 सितंबर**

ओल्ड एज में न्यूरॉन्स के डैमेज होने और अन्य कुछ कारणों से व्यक्ति अल्जाइमर की गिरफ्त में आ सकता है। इससे उसकी मेमोरी पावर वीक होने लगती है और कई तरह की मेंटल प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इससे पेशेंट को नॉर्मल लाइफ जीने में परेशानी होती है। लेकिन अगर शुरुआती लक्षणों के साथ ही कुछ बातों को लेकर सावधानी बरती जाए तो इसके प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# अल्जाइमर जब ओल्ड एज में मेमोरी पावर होने लगती है वीक



## एजिंग प्रोसेस नहीं है अल्जाइमर

उम्र बढ़ने (आमतौर पर 60 साल के बाद) के साथ मस्तिष्क और शरीर की कार्यक्षमता निरंतर कम होती जाती है, जिसे एजिंग प्रोसेस कहा जाता है। इस दौरान व्यक्ति की याददाश्त कम होने लगती है, लेकिन उसे बोलते समय सही शब्द का चयन करने और दैनिक कार्यों को अंजाम देने में दिक्कत महसूस नहीं होती, जबकि अल्जाइमर की समस्या में उपरोक्त लक्षण सामने आते हैं।

## डायग्नोसिस के तरीके

न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा सबसे पहले मरीज का क्लीनिक में शारीरिक और मानसिक परीक्षण (जिसमें स्मृति परीक्षण भी शामिल है) किया जाता है। इसके अलावा मस्तिष्क में स्मृति से संबंधित कौन सा भाग कितना विकारग्रस्त है, यह जानने के लिए सीटी स्कैन या एमआरआई या पीईटी स्कैन नामक परीक्षण कराए जाते हैं। कुछ मामलों में ईईजी टेस्ट भी कराते हैं।

## इलाज के बारे में

अल्जाइमर्स का कोई स्थाई इलाज नहीं है। अतीत में 'अमेरिकन ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' अल्जाइमर्स से संबंधित एक दवा को अनुमति प्रदान कर चुका है, जिसके क्लीनिकल ट्रायल जारी हैं। इस मर्ज में सिर्फ लक्षणों को कम करने के लिए कुछ विधियां और उपचार उपलब्ध हैं।

- अवसाद (डिप्रेशन) और मरीज की घबराहट को नियंत्रित करने के लिए दवाएं दी जाती हैं।
- उच्च रक्तचाप की समस्या होने पर इसे नियंत्रित करने वाली दवाएं देते हैं।
- शारीरिक और मानसिक गतिविधियां रोगी की प्रतिदिन की गतिविधियों में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जैसे योगासन, प्राणायाम शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।
- कुछ मानसिक अभ्यास जैसे सुडोकू, क्रॉसवर्ड, पहेली आदि मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने में सहायक हैं।
- कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि नई भाषाएं सीखने से मस्तिष्क का अच्छा अभ्यास होता है और सीखने की इस प्रवृत्ति से अल्जाइमर्स की रोकथाम में मदद मिलती है।

## फैमिली सपोर्ट है इंपॉर्टेंट

अल्जाइमर न केवल रोगी को बल्कि उसके परिवार को भी प्रभावित करता है। इसलिए परिवार के सदस्य पीड़ित व्यक्ति के लिए वक्त निकालें,



उनसे बात करें और उनके साथ टहलें ताकि उनके तनाव को दूर करने में मदद मिले। डॉक्टर, दोस्त और पड़ोसी के रूप में हम मरीज की मदद कर सकते हैं।

## इन्हें है अल्जाइमर का अधिक रिस्क

- 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अल्जाइमर का जोखिम सर्वाधिक होता है।
- जिन लोगों के परिवार के किसी सदस्य को अतीत में अल्जाइमर की समस्या रही है, उनमें इस रोग के होने का जोखिम ज्यादा होता है।
- किसी व्यक्ति के शरीर में कुछ जींस ऐसे होते हैं, जो अल्जाइमर रोग के खतरे को बढ़ा देते हैं।
- जिन लोगों के मस्तिष्क में किसी दुर्घटना से गंभीर आघात लगा है या किन्ही कारणों से गंभीर चोट लगी है और ऐसे लोग दुर्घटना के बाद देर तक बेहोश रहे हैं, उनमें कालांतर में अल्जाइमर होने का जोखिम बढ़ जाता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



## पोषक तत्वों का सेवन लाभकारी

**अल्जाइमर की** रोकथाम या इस मर्ज की प्रक्रिया को धीमा करने में संतुलित और पौष्टिक खान-पान का भी महत्व होता है। इसके अलावा जो लोग अल्जाइमर से ग्रस्त हो चुके हैं, उन्हें और उनके परिजनों को भी मरीज के संदर्भ में संतुलित और पौष्टिक खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक और संतुलित आहार मस्तिष्क और इसकी कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के क्रियाकलाप को सही तरीके से संचालित करने में मदद करता है। जैसे अखरोट के सेवन से याददाश्त को बरकरार रखने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो मस्तिष्क के क्रियाकलापों को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद करता है।

अखरोट के अलावा विटामिन बी 12 (जो मौसमी फलों, हरी सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स में पाया जाता है), मछली, कीवी, अनार और विभिन्न रूपों में हल्दी का सेवन कमजोर होती याददाश्त को रोकने में सहायक हैं। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है, जो याददाश्त को सशक्त बनाने में सहायक है।

**सीजनल डिजीज**



**डॉ. मोहसिन वली**
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से होने वाले वायरल फीवर से पेशेंट लंबे समय तक ग्रस्त रह सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ यहां विस्तार से बचाव के बारे में भी बता रहे हैं।

# वायरल फीवर कर रहा है लंबे समय तक बीमार



इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर के मामले बहुतायत में देखने को मिल रहे हैं। इसकी बड़ी वजह बारिश का दूसरे साल से अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होना और जगह-जगह जल-जमाव होना मानी जा रही है। बरसात के बाद के मॉयश्चरयुक्त आबोहवा में वायरस, बैक्टीरिया और मच्छर तेजी से मल्टीप्लाई करते हैं और उनके नए वेरिएंट्स भी पैदा होते हैं, जिनकी वजह से कई तरह के बुखार और बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इनमें से एक है- आजकल फैला वायरल फीवर। इस बार का वायरल फीवर एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से फैल रहा है। इसकी पुष्टि मेडिकल साइंस मे बायोफार्मा टेस्ट से हुई है।

## वायरस के नए वेरिएंट के लक्षण हैं ज्यादा गंभीर

यूं तो वायरल फीवर हर साल बदलते मौसम में फैलता है, जिसमें मरीज आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाते थे। लेकिन एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट से पीड़ित कई मरीजों का बुखार पैरासिटामॉल या क्रोसिन जैसी दवाइयों से काबू नहीं हो पा रहा है। बुखार जल्दी नहीं उतरता, उतरने के कुछ समय बाद दुबारा आ जाता है। बुखार उतरने में 10-12 दिन लग रहे हैं। कुछ मामलों में तो यह बुखार 3 सप्ताह तक बना रहता है। ऐसे मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ रही है। यही नहीं कई मरीज ऐसे भी हैं, जिन्हें ठीक होने के बाद भी लगातार खांसी, कमजोरी और भूख न लगने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कुछ डॉक्टरों ने तो इस वायरल फीवर को क्रोसिन फेल फीवर का नाम दे दिया है।

## कैसे फैलता है यह वायरस

इंफ्लूएंजा एच3एन2 वायरस, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमित मरीज जब छींकता या खांसता है, तो ड्रॉपलेट एक मीटर के दायरे तक फैल जाते हैं और आस-पास मौजूद व्यक्ति के सांस लेने पर ड्रॉपलेट उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। या फिर संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने पर वायरसयुक्त ड्रॉपलेट किसी सतह या किसी चीज पर गिरते हैं, जिसे स्वस्थ व्यक्ति के छूने पर हाथ में ट्रांसफर हो जाते हैं और आंख-नाक-मुंह के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में परिवार में एक से दूसरा व्यक्ति इसकी चपेट में आ रहे हैं।

## क्या होते हैं लक्षण

संक्रमित व्यक्ति को तेज बुखार आता है। इसके साथ ही सिर दर्द, पूरे बदन का टूटना और दर्द होना, जबड़ों-गर्दन-कमर-जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, खांसी-जुकाम होना, गले में खराश, बलगम, नाक बंद होना, सांस लेने में कठिनाई होना, भूख कम होना, पेट दर्द, डायरिया या लूज मोशन होना, बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याएं हो रही हैं।

## किन्हें है ज्यादा रिस्क

कमजोर इम्यूनिटी वाले छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं इस वायरस की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। इम्यूनो कॉम्प्रोमाइज लोग यानी टीबी, अस्थमा या पहले फेफड़ों में इंफेक्शन, किडनी, कार्डिएक डिजीज जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है।

## उपचार के तरीके



**डॉक्टर मरीज** को ऑब्जर्व करके, पूरा एगजामिनेशन करके और एच3एन2 का बायोफार्मा टेस्ट करवाते हैं। इसके साथ एहतियातन टाइफायड, डेंगू, मलेरिया का टेस्ट भी कर सकते हैं। बुखार के लिए पैरासिटामोल, विटामिन सी देते हैं। कुछ लोगों को एंटीबायोटिक दवाइयां भी देने की जरूरत पड़ती है ताकि आगे जाकर सेकेंड इंफेक्शन न हो। मरीज को पूरा आराम करने, बलगम ज्यादा होने पर स्टीम लेने, शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी भरपूर मात्रा में पीने और लिक्विड डाइट लेने की सलाह दी जाती है।

## कब करें डॉक्टर से कंसल्ट

अगर बुखार 3 दिन से ज्यादा बना हुआ है और पैरासिटामोल लेने के बाद भी काबू में नहीं आ रहा तो यह साधारण वायरल फीवर नहीं है, तब देर न करें, तुरंत डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

## कैसे करें बचाव

- अपनी इम्यूनिटी मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।
- घर का बना ताजा, गर्म, पौष्टिक और संतुलित खाना खाएं। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मौसमी और ताजी फल-सब्जियों का सेवन करें। अदरक, लहसुन जैसी चीजों को अपने आहार में जरूर शामिल करें। खट्टे फल, फ्रिज में रखा ठंडा जूस, कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम से परहेज करें। खटाई, दही जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें। ज्यादा से ज्यादा पानी और लिक्विड डाइट का सेवन करें। यथासंभव गुनगुना पानी पिएं।
- बरसात में भीगने की स्थिति में गर्म पानी से जरूर नहाएं। सिर और बाल अच्छी तरह धोकर सुखाएं। चाय-कॉफी-कहवा जैसे गर्म पेय लें। केसर वाला दूध या चाय पीने से आराम मिलता है।



- रेगुलर वर्कआउट, व्यायाम, शुद्ध-साफ हवा में सांस लें, योग करें।
- बदलते मौसम में फ्लू से बचने के लिए न्यूमोकोकल इंफ्लूएजा वैक्सीन हर साल जरूर लगवाएं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए जरूरी है।
- फ्लू होने पर अपने आपको आइसोलेट करें ताकि दूसरे लोग संक्रमित न हो पाएं। जितना जल्दी हो सके, डॉक्टर से कंसल्ट करें। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाइयां न लें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**



## गृहमंत्री अमित शाह ने साधा निशाना

# भारतीयों पर भरोसा नहीं, घुसपैठियों के वोट के सहारे चुनाव जीतना चाहती है कांग्रेस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित लोकार्पण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर बुरी तरह प्रहार किया है। अमित शाह ने एसआईआर को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी का रुख स्पष्ट कर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकालने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पार्टी को भारत के नागरिकों पर भरोसा नहीं है। शाह ने कहा कि राहुल बाबा ने अभी-अभी अपनी 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' शुरू की है। आज मैं इस मंच पर देश की जनता से कहने आया हूं कि वे इन लोगों को पहचानें। वे चाहते हैं कि घुसपैठिए हमारी मतदाता सूची में बने रहें। क्योंकि, उन्हें भारत की जनता पर भरोसा नहीं है और वे घुसपैठियों के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं। भाजपा एसआईआर और मतदाता सूचियों को साफ करने के अभियान का समर्थन करती है।

### खास बातें

- दिल्ली के कार्यक्रम में बोले- राहुल ने निकाली घुसपैठिया बचाओ यात्रा
- एसआईआर अभियान का समर्थन करती है भाजपा




### शाह ने बोला पाकिस्तान पर करारा हमला

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में सेना ने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर जवाब दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर का विकास और करतारपुर साहिब कॉरिडोर जैसे ऐतिहासिक काम मोदी के नेतृत्व में पूरे हुए हैं।

### अनुच्छेद 370 हटाना था पुराना संकल्प

अमित शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को कश्मीर से हटाना भाजपा का वर्षों पुराना संकल्प था, जिसे मोदी सरकार ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2019 को लिया गया फैसला ऐतिहासिक और देश की अखंडता को मजबूत करने वाला कदम था।

### कई अहम मुद्दों पर की चर्चा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस कार्यक्रम में मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनवाईं। उन्होंने, राष्ट्रीय सुरक्षा, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर), अनुच्छेद 370, अर्थव्यवस्था, जीएसटी में राहत और घुसपैठ जैसे मुद्दों पर चर्चा की। अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 395 आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी या तो शून्य कर दिया है या फिर केवल 5% रखा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी उत्पाद खरीदें ताकि 'समृद्ध भारत' का सपना पूरा हो सके. अमित शाह ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी ने 24 साल के राजनीतिक करियर में कभी छुट्टी नहीं ली. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हर पल देश और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने बताया कि भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर पतंजलि की बड़ी घोषणाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिलेगा पुरस्कार, देशभर में होंगे हेल्थ कैंप

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ ने दिल्ली में प्रेस वार्ता कर कई राष्ट्रीय सेवा योजनाओं की घोषणा की। स्वामी रामदेव ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें भारत के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान का प्रतीक बताया। स्वामी जी ने बताया कि पतंजलि द्वारा देश के होनहार विद्यार्थियों को 'प्रधानमंत्री प्रतिभा पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इसके अंतर्गत सीबीएसई, भारतीय शिक्षा बोर्ड और राज्य बोर्ड के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 11 से 51 हजार रुपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

साथ ही, पतंजलि देशभर में 750 स्थानों पर निशुल्क मेडिकल चेकअप, योग शिविर और हैल्थ कैंप आयोजित करेगा। इन शिविरों में विशेष रूप से क्रोनिक लीवर डिजीज, फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस के लिए आयुर्वेदिक उपचार और औषधियां निशुल्क वितरित की जाएंगी।

स्वदेशी अभियान के तहत स्वामी रामदेव ने प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पतंजलि देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के लिए शिक्षा, चिकित्सा और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में स्वदेशी मॉडल को आगे बढ़ाएगा।

स्वामी जी ने मैकाले की शिक्षा व्यवस्था को जड़ से हटाकर भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से वैचारिक स्वतंत्रता की ओर बढ़ने का संदेश भी दिया।



## पाक रक्षा मंत्री का कबूलनामा

# अमेरिका दिनदहाड़े लेता है इजरायल से रिश्वत, मैं पिछले कमरे में लूंगा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान कुछ ऐसा बोल दिया जिसने फिर एक बार पाकिस्तान की पोल खोल दी है। दरअसल यह मामला रिश्वत लेने से जुड़ा है। ख्वाजा आसिफ ने कबूल किया कि उन्हें रिश्वत लेनी होगी तो वे किसी बंद कमरे में लेंगे नाकि खुलेआम। उन्होंने अमेरिका पर खुलेआम इजरायल से रिश्वत लेने का आरोप लगाया। पाकिस्तानी टीवी चैनल जियो न्यूज से बातचीत के दौरान उन्होंने आरोप लगाया है कि अमेरिकी राजनेता इजरायल से खुले तौर पर रिश्वत स्वीकार करते हैं, जबकि पाकिस्तान को रिश्वत लेने के लिए बदनाम किया जाता है। आसिफ ने कहा, 'इजरायली लॉबी उनको (अमेरिकी नेताओं को) फाइनेंस करती हैं। हम तो ऐसे ही बदनाम हैं कि हम किसी से भी पैसे ले लेते हैं।

### यह है मामला

रक्षा मंत्री आसिफ विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब दे रहे थे। विपक्ष, खासकर इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सरकार पर विदेशी ताकतों से फंडिंग लेने के आरोप लगाए हैं। आसिफ ने इन आरोपों को खारिज करते हुए अमेरिका का उदाहरण दिया। यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तेजी से फैल गई।

## कांग्रेस को झटका

# हटाना होगा पीएम मोदी की मां का एआई वीडियो

## पटना हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶| पटना

कांग्रेस द्वारा पीएम मोदी और उनकी मां के एआई वीडियो मामले पर सुनवाई करते हुए पटना हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है।अदालत ने कांग्रेस से तत्काल रूप से इस वीडियो को हटाने का निर्देश दिया है। पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पी.बी. बाजंतरी की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निर्देश जारी किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी को अपमानित करने वाला ये वीडियो तत्काल प्रभाव से सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा दिया जाए। दरअसल, 10 सितंबर को बिहार कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया गया था, जिसमें पीएम मोदी के सपने में उनकी मां का एआई-आधारित चित्रण किया गया है। वीडियो में दिवंगत हीराबेन मोदी का किरदार बेटे को राजनीतिक लाभ के लिए अपने नाम का दुरुपयोग करने पर फटकार लगाता नजर आता है। एक दृश्य में पीएम मोदी जैसा दिखने वाला शख्स बिस्तर पर लेटते हुए कहता है, 'आज की वोट चोरी हो गई, अब अच्छी नींद लो।' फिर सपने में उनकी मां प्रकट होकर उन्हें नसीहत देती हैं। वीडियो को एआई जनरेटेड मार्क किया गया था, लेकिन बीजेपी ने इसे घिनौना और मां का अपमान करार दिया था। साथ ही इस वीडियो को खिलाफ पटना हाईकोर्ट का रुख किया था।



### बीजेपी ने दर्ज कराई था एफआईआर

बीजेपी ने अपनी शिकायत में दावा किया गया कि ये वीडियो न केवल प्रधानमंत्री की छवि को धूमिल करने वाला है, बल्कि महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन भी है। दिल्ली पुलिस ने पहले ही 13 सितंबर को बीजेपी कार्यकर्ता संकेत गुप्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

### कांग्रेस ने किया था बचाव

कांग्रेस ने अपनी इस वीडियो का बचाव किया था। पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, 'यह वीडियो किसी का अपमान नहीं करता। मां केवल अपने बच्चे को राजधर्म सिखा रही है, अगर पीएम को ये अपमानजनक लगता है तो ये उनकी समस्या है।' खेड़ा ने जोड़ा कि वीडियो में कोई असम्मान नहीं है और बीजेपी इसे सहानुभूति बटोरने के लिए इस्तेमाल कर रही है। बिहार कांग्रेस ने आंतरिक जांच शुरू की है ताकि पता लगाया जा सके कि वीडियो साझा करने वाले कौन जिम्मेदार थे।

# बीएमडब्ल्यू हादसा: 27 तक बढ़ी गगनप्रीत की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बहुचर्चित बीएमडब्ल्यू हादसे में गिरफ्तार आरोपी गगनप्रीत कौर (38) की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को पटियाला हाउस कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान उसकी न्यायिक हिरासत 27 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने गगनप्रीत की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया, जिसमें हादसे वाली जगह की सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित करने की मांग की गई है। इसके साथ हुई उसकी जमानत याचिका पर अब 20 सितंबर को सुनवाई होगी।

कोर्ट में हुई सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों ने जोरदार दलीलें पेश की हैं। गगनप्रीत के वकील ने रमेश गुप्ता ने कहा कि इस पूरे मामले को पुलिस ने जानबूझकर गैर इरादतन हत्या के मामले में बदल दिया है। इसे बीएनएस की धारा 304 के तहत डाला गया है, जिसकी सजा उम्रकैद तक है। लेकिन ये मामला बीएनएस की धारा 304ए का बनता है। उन्होंने यह भी कहा कि हादसे के समय मृतक की बाइक डीटीसी बस से भी टकराई थी। उसके ड्राइवर को भी पकड़ना चाहिए। गगनप्रीत के वकील ने कहा कि हादसे के बाद वहां से गुजर रही एक एंबुलेंस ने घायलों और मृतक को अस्पताल ले जाने से मना कर दिया। उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। उसे भी इस मामले में बराबर का आरोपी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस हादसे में आरोपी के अपने पति और बच्चे भी घायल हुए थे। इसके बाद भी गगनप्रीत ने सबसे पहले पीड़ित पति-पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। यह एक दुखद लेकिन सामान्य सड़क हादास है। उन्होंने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से इस केस को गंभीर बनाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि आरोपी गगनप्रीत उतनी घायल नहीं थी, जितना दावा किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि गगनप्रीत ने घायल नवजोत सिंह को बहुत दूर के अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि नियम है कि पास के अस्पताल में ले जाया जाए। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि वैन चालक ने अपने बयान में भी यही कहा है।

# अपोलो टायर्स घटाएगी 300 से 2000 रुपए तक कीमतें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अपोलो टायर्स 22 सितंबर से प्रभावी जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए अपने उत्पादों की कीमतों में 300 रुपये से 2,000 रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों के टायरों की कीमत में 300 से 1,500 रुपये तक की कमी आएगी, जबकि ट्रक/बस रेडियल टायर की कीमतों में लगभग 2,000 रुपये की कमी आएगी। जीएसटी परिषद ने नए न्यूमेटिक टायर पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी है, और ट्रैक्टर टायर व ट्यूब पर जीएसटी की दर घटाकर पांच प्रतिशत कर दी है। अपोलो टायर्स ने एक बयान में कहा कि इस नीतिगत बदलाव के अनुरूप, वह कम कर दरों का पूरा लाभ सीधे अपने ग्राहकों को देगी। अपोलो टायर्स के उपाध्यक्ष (वाणिज्यिक) (भारत, सार्क और दक्षिण पूर्व एशिया) राजेश दहिया ने कहा, "संशोधित मूल्य निर्धारण सभी उत्पाद खंडों पर लागू होगा, जिसमें यात्री कार टायर, वाणिज्यिक वाहन टायर, कृषि और दोपहिया टायर शामिल हैं।




- कंपनी जीएसटी कटौती का लाभ ग्राहकों को देगी
- कीमतें 22 सितंबर से होगी प्रभावी

*नए मूल्य निर्धारण पर काम शुरू*

*दहिया ने कहा, "कंपनी ने देश भर में नए मूल्य निर्धारण ढांचे के निर्बाध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए अपने वितरण नेटवर्क के साथ मिलकर काम करना शुरू कर दिया है।"*

## आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार सूरज बाई भरतलाल सोनवानी अन्य के कब्जा के भूमि ग्राम कुचेना प. ह. न. 39 रा.नि.मं. व तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. स्थित भूमि ख.न. 306/3 राकबा 0.283 हे/0.70 एकड़ भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में चैतराम मोती राम जाति गाड़ा के नाम पर दर्ज हैं परन्तु कब्जा में नही हैं चैतराम के पिता मोती राम पिता दुकालू द्वारा अपने जीवनकाल में अपने स्वामित्वव अभिपत्व की उप्त भूमि ग्राम कुचेना स्थित ख. न. 306/3 राकबा 0.70 एकड़ में से 0.30 एकड़ भूमि को चंद्रकुमार सोनवानी (नाबालिक) पिता भरतलाल सोनवानी बली पिता भरतलाल सोनवानी के पास 7000/रू. (सात हजार रुपये) सौदा कर सम्पूर्ण राकम प्राप्त कर दिनाँक 25/12/1992 को बिक्रीनामा निश्पादीत कर कब्जा सौप दिया था तब से चन्द्रकुमार सोनवानी के पिता भरतलाल सोनवानी द्वारा कार्बिज कास्त करते रहे है और चन्द्रकुमार व उनके पिता भरतलाल सोनवानी के मृत्यु पश्चात उनके उतरधिकारीगण कर्बिज कस्त कर रहे है भरतलाल सोनवानी द्वारा उक्त क्रय शुदा भूमि खतरा 306/3 राकबा 0.70 एकड़ में से 0.30 एकड़ पर मकान बाड़ी अपने जीवनकाल मे बानकर सहपारिवार निवासरत हैं और स्थानिय प्रशासन नागरपालिका नगरनिगम टैक्स पटाते चाले आ रहे हैं और निवासरत मकान में अपने नाम से बिजली कनेक्शन भी लगा हुआ हैं अर्थात उक्त भूमि के एवाज में किसी व्यक्ति बैंक द्वारा रहान गहान बांधक रखकर राकम दिया जाता हैं तो भविष्या में विवाद की स्थित उत्पन्न होने पर स्वंय जिम्मेदार रहेगें।

सो सूचना जाने

**लखेन्द्र सिंह भारद्वाज**
**अधिवक्ता**

### श्रृंगार हाउस का शेयर 14% की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र लिमिटेड का शेयर बुधवार को 165 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 14 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर की शुरुआत 187.70 रुपये पर हुई।

# सोना रिकॉर्ड स्तर से 1,300 रुपए फिसला, चांदी भी टूटी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। मंगलवार को, दिल्ली सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस कीमती धातु की कीमत 1,800-1,800 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,15,100 रुपये और 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। फेडरल रिजर्व के महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले से पहले मुनाफावसूली के चलते सोने में कमजोरी रही, क्योंकि प्रतिभागियों ने नतीजों से पहले जोखिम कम कर दिया। बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है, क्योंकि बाजार न केवल ब्याज दरों में कटौती का बल्कि फेडरल रिजर्व के आगे के दिशानिर्देशों का भी इंतजार कर रहे हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष रिसर्च शोध विश्लेषकजतिन त्रिवेदी ने कहा, ''बिना किसी स्पष्ट रूपरेखा के कोई भी तटस्थ रुख या कम नरम रुख वाली टिप्पणियां सर्राफा बाजार में कुछ प्रतिशत की गिरावट ला सकती हैं।''

# शेयर बाजार में दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 313 अंक चढ़ा

**मुंबई।** आईटी, बैंक और वाहन शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 313 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 91 अंक चढ़ा। निवेशक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सकारात्मक बातचीत से उत्साहित हैं। बीएसई के तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 313.02 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 361.26 अंक यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 82,741.95 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 91.15 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 25,330.25 अंक पर रहा।

**न्यायालय तहसीलदार मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)**

**नोटिस**

रा.प्र.क. /1-27/2024-25
ग्राम गतौरा, प.ह.नं. 01.
तह. मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)

1. सविता राठौर, पिता संतोष राठौर जाति राठौर, निवासी ग्राम घघरा थाना व तहसील खरसिया जिला-रायगढ़, (छ.ग) 2. कविता राठौर पिता संतोष राठौर जाति राठौर निवासी ग्राम पुराना चंदनियापारा जांजगीर तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग). ..आवेदिकागण **विरूद्ध** 1. ऋषि कुमार पिता संतोष राठौर जाति राठौर निवासी वार्ड न. 09 स्कूल कालोनी बगीचा तहसील बगीचा, जिला जशपुर, (छ.ग.) 2. सारिका राठौर पिता संतोष राठौर निवासी वार्ड न. 17 पुराना चंदनियापारा जांजगीर, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)... अनावेदकगण

एतद् द्वारा ग्राम गतौरा प.ह.नं. 01, तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) के अनावेदक क्रमांक 01 को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण द्वारा ग्राम गतौरा प.ह.नं. 01. तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 94, 167, 169, 171, 173, 174, 188, 1460/1 व 2492/2 कुल खसरा 09 कुल रकबा 0-672 हेक्टेयर स्थित है जो राजस्व अभिलेखों में आवेदिकागण एवं अनावेदकगण के नाम से दर्ज है। आवेदिकागण आवेदित भूमियों का नियमानुसार खाता विभाजन कराने हेतु आवेदन पेश किया है।

अत: अनावेदक ऋषि कुमार राठौर पिता संतोष राठौर जाति राठौर निवासी वार्ड 09 स्कूल कालोनी बगीचा तहसील बगीचा, जिला जशपुर, (छ.ग.) को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि पेशी दिनांक 10/10/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करे। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**मस्तूरी**

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
### (सं./सं.) संभाग-बलरामपुर

क्रमांक/का.यं.ब./क्रय/सूचना/3175 / बलरामपुर, दिनांक 17.09.2025

**विद्युत बंद की सूचना**

बलरामपुर जिले के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18.09.2025 को उप संभाग वाड्रफनगर के 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र बसंतपुर में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिस हेतु निम्नलिखित सूची अनुसार विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| दिनाँक | उपकेन्द्र/फीडर का नाम | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 18.09.2025 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बसंतपुर | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बसंतपुर से निकलने वाली 11 के.व्ही. धनवार, ककनेशा, बसंतपुर एवं प्रेमनगर फीडर की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी। |

टीप: – आवश्कतानुसार समय में बदलाव किया जा सकता है।
"विद्युत लाईन के नीचे निर्माण कार्य न करें"

भवदीय
**कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग**
**छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., बलरामपुर**

**संवाद-45276**

## कार्यालय, नगर पंचायत जरहागांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

### संपत्ति कर/ समेकित कर/ अन्य कर निर्धारण सूचना

क्र./486/न.पं./2025-20 जरहागांव, दिनांक 16/09/2025

**परिक्षेत्रवार वार्षिक भाड़ा मूल्य की दरें**

| क्र. | संपति का प्रकार | आवासीय भवन/भूमि | | | व्यवसायिक भवन/भूमि | | | औद्योगिक भवन/भूमि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जोन क्र.1 | जोन क्र.2 | जोन क्र.3 | जोन क्र.1 | जोन क्र.2 | जोन क्र.3 | जोन क्र.1 | जोन क्र.2 | जोन क्र.3 |
| 01 | आर.सी.सी./आर.बी.सी. या पत्थर की छत भवन | 30.00 | 25.00 | 20.00 | 50.00 | 40.00 | 30.00 | 80.00 | 56.00 | 40.20 |
| 02 | सीमेंट या लोहे की चादर या कवेलू | 20.00 | 15.00 | 10.00 | 30.00 | 25.00 | 15.00 | 40.00 | 30.00 | 25.00 |
| 03 | आशिक पक्का/कच्चा मकान | 15.00 | 10.00 | 10.00 | 25.00 | 15.00 | 15.00 | 30.00 | 20.00 | 15.00 |
| 04 | भूमि | 8.00 | 6.00 | 6.00 | 12.00 | 10.00 | 8.00 | 16.00 | 8.00 | 6.00 |

**परिक्षेत्रों में शामिल वार्ड या उनके भाग का नाम**

| जोन क्र | जोन क्र | मुख्य सड़कें एवं बाजार का विवरण |
|---|---|---|
| 01. | वार्ड 01.02.04 05.06.07,08,09,10,11, 12,13 मुख्य मार्ग | आवासीय /व्यवसायिक/औद्योगिक भवन मुख्य मार्ग से 50 मीटर तक एवं 50 मीटर से अंदर तक जोन क्र. 02 में 03 की दरें प्रभावशील होगी। |
| 02. | वार्ड क्र 14 एवं 15 | आवासीय / व्यवसायिक ब्रुक्स स्कूल रोड |
| 03. | वार्ड क्र 03 | तारबाहर मार्ग |

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कर**

1. वैवाहिक भवनों – 1000.00 प्रति ट्रीप,
2. आवासीय भवनों से – 100.00 वार्षिक
3 प्रत्येक व्यवसायिक भवनों से – 200.00 वार्षिक
4. औद्योगिक, डोटल, लॉज – 500.00 वार्षिक

**अन्य करो कर दर**

**(1) स्वच्छता, प्रकाश तथा अग्निशमन सेवाओ के लिए देय अनिवार्य समेकित कर**
1. संपत्तिकर दाताओं के लिए – 600.00 वार्षिक
2 गैर संपत्तिकरदाताओं के लिए – 300.00 वार्षिक

**(2) संपत्तिकरदाताओं द्वारा देय जलकर**
(निजी नल कनेक्शन का देय जलकर के अतिरिक्त)
(3) शिक्षा उपकर – शुद्ध वार्षिक भाडा मूल्य का 1 प्रतिशत

आवासीय भवन / व्यवसायिक नवन/औधोगिक भवन / मुख्य बाजार, मुख्य सड़क एवं मुख्य बाजार, मुख्य सड़क से 50 मोटर तक जोन क्र 01 में तथा 50 मीटर के बाद 150 मीटर तक जोन क्र 02 में प्रभावशील होगी। जोन क्र 03 में 200 मीटर के बाद या उस से अधिक के अंतर्गत।

उपरोक्त वार्षिक भाड़ा मूल्य निर्धारित दरों पर निकाले गए मूल्य में नियमानुसार कटौती उपरांत संपत्तिकर देय योग्य बार्षिक भाडा मूल्य के अनुसार कर निर्धारण निम्नानुसार की जायेगी।

1. वार्षिक भाड़ा मूल्य 4800 रुपये (चार हजार आठ सौ रुपये) तक संपत्तिकर से मुक्त। 2. वार्षिक भाडा मूल्य 4801 रुपये से से 15000 (पन्द्रह हजार रुपये) तक संपत्तिकर 6 प्रतिशत होगा। 3. वार्षिक भाडा मूल्य 15001 रुपये से 35000 (पैतीस हजार रुपये) तक 7 प्रतिशत तक होगा। 4. वार्षिक भाडा मूल्य 35001 रुपये से 75000 (पचहत्तर हजार रुपये) तक 8 प्रतिशत तक होगा। 5 . वार्षिक भाडा मूल्य 75001 रुपये से उपर तक 10 प्रतिशत देय होगा। 6. छत्तीसगढ़ की अधिसूचना के 633/7703/18/2209/दिनांक 05.02.2010 समेकित कर के तहत कर दाता जो संपत्तिकर की सीमा में नहीं आते उसे 300 वार्षिक समेकित कर प्रत्येक भवन के लिए अलग-अलग जमा करना होगा तथा जो करदाता संपत्तिकर सीमा में आयेंगे उसे प्रत्येक भवन के लिए 600 रुपये समेकितकर वार्षिक जमा करना होगा। 7. आरोपित कर वार्षिक अर्थात 1 अप्रैल से 31 मार्च की अवधि तक के लिए निर्धारित है। वर्ष के अंदर राशि जमा न करने पर 06 प्रतिशत ब्याज के साथ कर अदा करना होगा। 8. कर निर्धारण पत्रक नगर पंचायत जरहागांव द्वारा प्रदाय किया जायेगा जिसमें जानकारी संपत्तिकर दाता द्वारा भरकर एक माह के अंदर विवरणी जमा करना होगा अथवा नगर पंचायत जरहागांव द्वारा एक तरफा करारोपण की जावेगी जो संपत्तिदाता को मान्य समझा जावेगा। समेकितकर अनिवार्य रूप से नगर पंचायत जरहागांव क्षेत्र के प्रत्येक भवन पर देय होगा। गलत विवरणी प्रस्तुत करने पर संपत्तिकर के अंतर कि राशि से पाँच गुना राशि दण्ड के रुप में वसूली होगी।

अधिसुचना प्रकाशक दिनांक चार माह के बाद विलम्ब से संपत्तिकर जमा करने पर अधिभार 1 प्रतिशत माह वसूली योग्य होगा। उरोक्तानुसार संपत्तिकर अधिरोपण दर/जोन विभाजन सर्वसाधारण 30 दिवस के भीतर सुझाव अथवा आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा। निर्धारित अवधि क्र पश्चात प्राप्त आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

परिषद की संकल्प क्र 05 दिनांक 04.09.2025

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**TRN ENERGY PRIVATE LIMITED**
Regd. Office: 18 Vasant Enclave,
Rao Tula Ram Marg, New Delhi – 110057
Corporate Office: 7th Floor, Corporate
Tower, Ambiance Mall NH -8,Gurugram – 122002 (Haryana),
PH: 0124 – 2719000, Fax: 0124 – 2719185
Email: trnenergy@acbindia.com;info@trnenergy.com

**INVITATION OF BIDS**

Ref: TRNEPL/SUPPLY/APH BASKET/2025-26/02,of unit #1 300 MW TRN, Date: 11.09.2025

TRN ENERGY PRIVATE LIMITED is having 2x300 MW coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO : Nawapara (Tenda), Tehsil : Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The Plant site is well connected with Road Network, Nawapara (Tenda), is on Chhal – Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42 KM away from Raigarh and 32 KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy private limited. Invites bids from reputed and experienced vendors for supply of APH basket of RAPH of unit #1 detail of which are furnished https://eprocurement.mjunction.in/epsproprtner/openarea/tender-list page auction and refer tender id:1041 for qualifying criteria and for further details on or before 20.09.2025 @ 14:00 hrs.

Contact details:
Name: Sunil Kumar
Contact No: 9868392867
Email ID: sunil.kumar@acbindia.com

**TRN ENERGY PRIVATE LIMITED**
Regd. Office: 18 Vasant Enclave,
Rao Tula Ram Marg, New Delhi – 110057
Corporate Office: 7th Floor, Corporate
Tower, Ambiance Mall NH -8,Gurugram – 122002 (Haryana),
PH: 0124 – 2719000, Fax: 0124 – 2719185
Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com

**INVITATION OF BIDS**

Ref: TRNEPL/2x300MW/AHP/2026-29/01-R4, 2X300 MW TRN, Date: 11.09.2025

TRN ENERGY PRIVATE LIMITED is having 2x300 MW coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO : Nawapara (Tenda), Tehsil : Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The Plant site is well connected with Road Network, Nawapara (Tenda), is on Chhal – Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42 KM away from Raigarh and 32 KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy private limited. Invites bids from reputed and experienced vendors for Annual O &M Services for AHP 2x300 MW TPP, detail of which are furnished https:// eprocurement. mjunction.in/epsproprtner/openarea/tender-list page auction and refer tender id:1040 for qualifying criteria and for further details on or before 30.09.2025 @ 14:00 hrs.

Contact details:
Name: Sunil Kumar
Contact No: 9868392867
Email ID: sunil.kumar@acbindia.com

# शासकीय स्क्रैप सेंटर में दो साल में एक हजार पुरानी गाड़ियों का हुआ है स्क्रैप

रायपुर। कंडम गाड़ियों को रोड से हटाने स्क्रैप पॉलिसी लागू हुए एक साल से ज्यादा हो गया है। बावजूद इसके वाहन मालिक अपनी पुरानी गाड़ियों की प्रदूषण जांच कराने के साथ फिटनेस कराने में ध्यान नहीं दे रहे। राज्य में 70 लाख से ज्यादा वाहन हैं। इनमें से चार लाख के करीब वाहन 15 साल या उससे ज्यादा पुराने हैं। इन दो वर्षों में महज एक हजार के करीब पुराने कमर्शियल वाहन के साथ निजी वाहन के मालिक अपनी 15 साल पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप सेंटर लेकर पहुंचे हैं। केंद्रीय स्तर पर वर्ष 2021 में स्क्रैप पॉलिसी लागू हो गई है। राज्य में पहला स्क्रैप सेंटर 3 अक्टूबर 2023 को धनेली में चालू किया गया है।

स्वैच्छिक स्क्रैप पॉलिसी के तहत 10 साल से पुराने कमर्शियल वाहन और 15 साल से पुराने निजी वाहनों की अनिवार्य रूप से फिटनेस जांच एवं दोबारा रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसका पालन नहीं करने पर वाहन की क्षमता के अनुसार पांच हजार रुपए जुर्माना से लेकर वाहन सीज करने का नियम है। बावजूद इसके वाहन मालिक नियमों को ताक पर रखकर गाड़ी कंडम होने के बाद भी चला रहे हैं। परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार उनकी उड़नदस्ता की टीम पुराने वाहन की फिटनेस जांच कर कार्रवाई करती रहती है। जिन गाड़ियों में खामियां पाई जाती हैं, उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाती है। शासन द्वारा अधिकृत स्क्रैप सेंटर में वाहन स्क्रैप कराने पर वाहन मालिक को सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। पुरानी गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू से नई गाड़ी खरीदते समय एक्स शोरूम प्राइस पर 5 फीसदी तक का डिस्काउंट मिलेगा। इसके अलावा नए वाहन पर कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी होगी।


## कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला- जशपुर (छ.ग.)

### शासन द्वारा शराब बिक्री हेतु दुकान/भवन को भाडे पर लिए जाने बाबत लघु निविदा सूचना

दिनांक 15/09/2025

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि छ.ग. राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रम छत्तीसगढ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा जिला जशपुर के (1) ग्राम-कुरोग, ग्राम पंचायत-कुरोग, तह.-बगीचा (2) ग्राम-दोकडा, ग्राम पंचायत-दोकडा, तह.-कांसाबेल में नवीन मदिरा दुकान खोले जाने हेतु किराये पर दुकान / भवन की आवश्यकता है। अत: उक्त ग्राम के भौगोलिक सीमा में सामान्य प्रयुक्त नियमों के अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर किराये पर दुकान/भवन लेने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म जिला आबकारी कार्यालय सह जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला- जशपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.09.2025 समय दोपहर 02.30 बजे तक है।

कलेक्टर
जिला-जशपुर(छ.ग.)

जी. 252603554/9

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. /निर्माण/2025 दिनांक 13.09.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य (पथर्रीपारा बजरंग बली मंदिर से गीता देवी घर तक एवं नीलगिरी बस्ती में) वार्ड क्र. 20 नगर पालिक निगम, कोरबा (म.क्षे.आ.वि.प्रा.) (प्रथम निविदा) | 15.00 | 06.10.2025 (T.No. 175676) |
| 2 | शेड निर्माण एवं अन्य कार्य (आरा मशीन शिव मंदिर के पास) वार्ड क्र. 22 नगर पालिक निगम, कोरबा (म.क्षे.आ.वि.प्रा.) (प्रथम निविदा) | 10.00 | 06.10.2025 (T.No. 175677) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।
।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)


## महिला आयोग ने कहा- इसकी सुनवाई बाल संरक्षण आयोग में हो पाएगी

# नाबालिग लड़के ने अपने से 11 साल बड़ी युवती से बनाया अवैध रिश्ता, पीड़िता ने समझौता करने मांगा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में बुधवार को एक ऐसा मामला आया, जिसमें 17 साल के एक नाबालिग लड़के ने अपने से 11 साल बड़ी एक युवती के साथ अवैध रिश्ता बना लिया। इस प्रकरण में युवती ने शिकायत करते हुए नाबालिग लड़के तथा उसके परिवार से अपने दैहिक शोषण के लिए 50 लाख रुपए की मांग की है, जबकि लड़के की विवाह योग्य उम्र होने में अभी 4 वर्ष शेष है। आयोग का मानना है कि यह मामला नाबालिग लड़के से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी सुनवाई अब बाल संरक्षण आयोग करेगा। इसके लिए बाल संरक्षण आयोग को महिला आयोग पत्र भेजेगा।

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने रायपुर स्थित आयोग की कोर्ट में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण में एक 28 वर्ष की युवती ने शिकायत की थी कि उसका एक लड़के के साथ अवैध रिश्ता है, लेकिन उसकी उम्र 17 वर्ष है। इसकी जानकारी उसे नहीं थी। यह जानकारी उसे तब हुई, जब लड़के द्वारा उसके साथ विवाह करने से इनकार करने पर थाने में शिकायत करने गई

### राज्य महिला आयोग में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर हुई सुनवाई



थी। थाने में लड़के के पिता ने उसके स्कूल का प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड की कॉपी प्रस्तुत की थी। इस शिकायत पर महिला आयोग में जब सुनवाई हुई, तो लड़के के पिता ने भी जानकारी दी कि 5 माह पूर्व उसने भी बाल संरक्षण आयोग में आवेदिका के विरुद्ध शिकायत की है कि आवेदिका उसके लड़के पर विवाह करने के लिए दबाव बना रही है, जबकि वह अभी नाबालिग है। इधर इस मामले में आवेदिका ने आयोग के समक्ष अपनी बातें रखते हुए कहा कि लड़के के अपनी उम्र छिपाकर उसके साथ रिश्ता बनाया है। अपने साथ हुए दैहिक शोषण के लिए उसने अनावेदक पक्ष से 50 लाख रुपए की मांग की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने कहा कि अनावेदक नाबालिग है तथा आवेदिका से 11 वर्ष छोटा है, इस स्थिति में इस प्रकरण का निराकरण महिला आयोग द्वारा किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने आवेदिका के आवेदन को मूलतः बाल संरक्षण आयोग में भेजने का आदेश दिया।

### शासकीय कर्मचारियों के बीच विवाद का मामला आयोग पहुंचा

दो शासकीय सेवकों के बीच आपसी विवाद का मामला भी अब महिला आयोग पहुंचने लगा है। आवेदिका एवं आवेदक दोनों विशेष रोजगार कार्यालय में कार्यरत हैं। दोनों के बीच विभागीय कार्य को लेकर विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत पर विभाग ने शोक कॉज नोटिस जारी किया था। इस मामले में आयोग ने कहा कि यह विभागीय कार्य की शिकायत का मामला है। इस मामले की शिकायत विभाग के उच्चधिकारियों से की जा सकती है। इस प्रकरण में आयोग विभागीय सचिव को पत्र भेजेगा, ताकि दोनो पक्षों के मध्य विवाद का निराकरण किया जा सके।

# विभागों-अफसरों पर प्रोटोकॉल ड्यूटी की मार, प्रभावित हो रहा कामकाज, काम अटकने से लोग भी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

रायपुर जिले के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में तथा संबंधित विभागों के अफसरों पर प्रोटोकॉल ड्यूटी की मार से अब हर कोई परेशान हो रहा है। प्रोटोकॉल ड्यूटी में फंसे होने के कारण अफसर कार्यालयों में बैठ नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण उनके विभाग का कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर कार्यालयों में अफसरों के अनुपस्थित रहने के कारण आम लोगों के न ही काम हो पा रहे हैं और न ही लंबित प्रकरणों में सुनवाई हो पा रही है। यह स्थिति बुधवार को भी कई शासकीय कार्यालयों में देखने को मिली।

हरिभूमि ने कलेक्टोरेट, तहसील सहित अन्य विभिन्न विभागों के कार्यालयों की पड़ताल की। इस दौरान ज्यादातर कई विभागों में अफसर गायब मिले। वहां कार्यरत कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि अफसर आए थे, लेकिन प्रोटोकॉल ड्यूटी होने के कारण जल्दी निकल गए, वहीं कई विभागों के अफसर तो कार्यालय ही नहीं पहुंचे। वे सीधे प्रोटोकॉल ड्यूटी करने पहुंच गए। इन अफसरों की ड्यूटी प्रोटोकॉल के तहत इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से लेकर केंद्रीय महिला मंत्री के आगमन सहित अन्य कार्यक्रमों में लगाई गई थी।

### फुर्सत में दिखे कर्मचारी, आम लोग भी बैरंग लौटे

अफसरों के प्रोटोकॉल ड्यूटी में व्यस्त होने के कारण विभिन्न विभागों के कार्यालयों में कामकाज भी नहीं हो पाया। इन कार्यालयों में उपस्थित कर्मचारी दिनभर फुर्सत में दिखे, वहीं जो लोग काम लेकर पहुंच भी रहे थे, तो उन्हें अफसरों के नहीं होने की जानकारी देकर उन्हें लौटाया जा रहा था। कई लोगों को तो इसकी जानकारी ही नहीं थी कि विभागों में अफसर आज नहीं बैठेंगे। इसके कारण लोग अफसरों से मिले बगैर लौट गए, जबकि इनमें से कई लोग ऐसे भी रहे होंगे, जो कई किलोमीटर का लंबा सफर तय कर पहुंचे होंगे।

### पूर्व सूचना जारी किए बिना बढ़ा दी गई सुनवाई की तारीख

कलेक्टोरेट स्थित भाड़ा नियंत्रण कोर्ट, राजस्व कोर्ट, नजूल कोर्ट, तहसील न्यायालयों में आज कई केस की सुनवाई होनी थी। इस सुनवाई की तारीख पहले से तय थी, लेकिन अचानक अफसरों की प्रोटोकॉल ड्यूटी लगा देने के कारण सभी कोर्ट में सुनवाई की तारीख भी बढ़ा दी गई।

## प्रदेश में 1800 से ज्यादा नाबालिगों को बना दिया राशन कार्ड का मुखिया, हर माह उठा रहे दुकानों से खाद्यान्न

रायपुर। छत्तीसगढ़ में उचित मूल्य दुकानों के राशन कार्ड बनाने में भी बड़ी गड़बड़ियां हुई हैं। गाइड लाइन के अनुसार किसी भी नाबालिग के नाम पर राशन कार्ड बनाया नहीं जा सकता। इसके बाद भी प्रदेश में 1855 नाबालिगों को मुखिया मानकर उनके नाम पर राशन कार्ड जारी कर दिए गए हैं। ये नाबालिग कार्ड धारक प्रतिमाह उचित मूल्य की दुकानों से राशन भी उठा रहे हैं। इस गड़बड़ी का खुलासा तब हुआ जब वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत प्रत्येक राशन कार्ड के सदस्यों का ईकेवाईसी कराना अनिवार्य किया गया। ईकेवाईसी की प्रक्रिया के बाद विभाग


## ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा प्रभाग चतुर्थतल, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर 492002 (छ.ग.)

फोननं.-0771-2221766 एवं नं.-0771-2511549
email-handloomraipur@gmail.com

क्रमांक/हा./बि.म.पु.यो./2025-26/1172 रायपुर, दिनांक 16.09.2025

### " स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजनांतर्गत" वर्ष 2024-25 के लिए प्रविष्टियों आमंत्रण हेतु संक्षिप्त विज्ञापन सूचना

छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के हाथकरघा वस्त्र उद्योग को संरक्षण तथा बढ़ावा देने तथा हाथकरघों पर वस्त्र उत्पादन की पारम्परिक कला संस्कृति की अनुपमा को अक्षुण बनाए रखने एवं बुनकरों की कल्पनाशीलता, योग्यता, तथा कारीगरी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ₹ स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना₹ की स्थापना की गयी है। इस योजना के तहत प्रदेश में हाथकरघा वस्त्र उत्पादन के क्षेत्र में एक सर्वश्रेष्ठ बुनकर को राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मण्डल (जूरी) द्वारा चयन होने पर राशि रू. 2.00 लाख (अक्षरी दो लाख रूपये) नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह, शाल एवं श्रीफल के रूप में दिया जायेगा, परन्तु चयन समिति के निर्णय के आधार पर पुरस्कार की नगद राशि अधिकतम दो व्यक्तियों के मध्य विभाजित हो सकती है।

" स्व. श्री बिसाहूदास महंत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना₹ वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश के बुनकरों से आवेदन सहित दिनांक 17.10.2025 सायं 4:00 बजे तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नही किया जावेगा। इस विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रारूप सहित www.ruralindustries.cg.gov.in में डाउनलोड की जा सकती है।
संलग्न - उपरोक्तानुसार ।(संचालक, ग्रामोद्योग द्वारा अनुमोदित)

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा
छत्तीसगढ़, रायपुर

जी. 252603553/2

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

E-mail- panchayat.pendra.cg@nic.in

क्रमांक/1151 / न.पा.प./ तक.शा./2025-26 पेण्ड्रा, दिनांक 17.09.2025

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 175903 | वार्ड क्र. 03 शिकारपुर से बरातु के घर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 23.28 | 17,500/- | 08.10.2025 |

टीप- 01. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 02. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है। 03. फिजिकल दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.10.2025 को समय 5:30 बजे तक।

राकेश जालान
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-सक्ती एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### प्रारंभिक अधिसूचना

सक्ती, दिनांक / /2025

क्रमांक/429क/अ-82/2024-2025 चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) मे दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :-

-: अनुसूची :-

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/ प.ह.न. | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) | | |
| सक्ती | चन्द्रपुर | महादेवपाली प.ह.नं. 11 | कुल खसरा संख्या 02 | 0.261 | कार्यपालन अभियंता केलो परियोजना निर्माण संभाग लाखा अ.मु.-खरसिया, जिला-रायगढ़ | केलो परियोजना के अंतर्गत कलमा माइनर नहर 02 निर्माण हेतु |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई हितबद्व व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जानेवाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा-15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा के कार्यालय में किया जा सकता है। 4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है। 5. प्रस्तावित प्रयोजन भूमि अर्जन को भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (संख्या 30 सन 2013) के अध्याय दो एवं तीन के प्रावधानों के तहत सिंचाई परियोजनाओं की बाबत जहाँ तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण के उपबंध लागू नहीं होंगे। प्रस्तावित अधिग्रहण हेतु भूमि का विस्तार क्षेत्र ऐसी परियोजनाओं के लिये आवश्यक न्यूनतम भूमि है, विकल्प में कोई बंजर भूमि जिसमें पड़त भूमि सम्मिलित है, उक्त परियोजना हेतु उपलब्ध नहीं है। 6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये अधिनियम 2013 की धारा-43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया जाता है।

(बालेश्वर राम )
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी डभरा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अमृत विकास तोपनो )
कलेक्टर जिला-सक्ती (छ.ग.)
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-252603563/1

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-सक्ती एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### प्रारंभिक अधिसूचना

सक्ती, दिनांक 13.09.2025

क्रमांक/424क/अ-82/2024-2025 चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) से (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) मे दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :-

-: अनुसूची :-

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/ प.ह.न. | खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हे. में) | | |
| सक्ती | चन्द्रपुर | बालपुर प.ह.नं. 11 | कुल खसरा संख्या 51 | 3.408 | कार्यपालन अभियंता केलो परियोजना निर्माण संभाग लाखा अ.मु.-खरसिया, जिला-रायगढ़ | केलो परियोजना के अंतर्गत बालपुर माइनर नहर निर्माण हेतु |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई हितबद्व व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जानेवाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा-15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा के कार्यालय में किया जा सकता है। 4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है। 5. प्रस्तावित प्रयोजन भूमि अर्जन को भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (संख्या 30 सन 2013) के अध्याय दो एवं तीन के प्रावधानों के तहत सिंचाई परियोजनाओं की बाबत जहाँ तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण के उपबंध लागू नहीं होंगे। प्रस्तावित अधिग्रहण हेतु भूमि का विस्तार क्षेत्र ऐसी परियोजनाओं के लिये आवश्यक न्यूनतम भूमि है, विकल्प में कोई बंजर भूमि जिसमें पड़त भूमि सम्मिलित है, उक्त परियोजना हेतु उपलब्ध नहीं है। 6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये अधिनियम 2013 की धारा-43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया जाता है।

(बालेश्वर राम )
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी डभरा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अमृत विकास तोपनो )
कलेक्टर जिला-सक्ती (छ.ग.)
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-252603560/1


## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।


**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

# महाविद्यालयों में छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य दुरुस्त करेंगे मनोवैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

महाविद्यालयों और विवि अध्ययनशालाओं में अब मानसिक स्वास्थ्य सहायता अनिवार्य होगी। इसके लिए यूजीसी द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के बाद अब कैंपस में मनोवैज्ञानिकों अथवा काउंसिलर्स की नियुक्ति होगी, जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काम करेंगे। हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि, एनआईटी सहित राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में पहले से ही यह व्यवस्था है। यहां छात्रों की समस्याएं सुनने और उन्हें उचित सलाह देने काउंसिलर की नियुक्ति की गई है। विधि विवि में नियमित रूप से मनोवैज्ञानिक भी अपनी सेवाएं देते हैं। जिन छात्रों को चिकित्सीय सुविधाओं की आवश्यकता होती है, उन्हें इससे सहायता मिलती है। इसके उलट परंपरागत पाठ्यक्रम वाले विश्वविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विशेष पहल नहीं की जाती है। यही कारण है कि अब व्यवस्था करने आदेश जारी किया गया है। नए दिशा-निर्देश के अनुसार, 100 से अधिक छात्रों वाले संस्थानों में कम से कम एक प्रमाणित परामर्शदाता या मनोवैज्ञानिक होना अनिवार्य है।

## शब्द पहेली - 5992



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5991 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | या | र |
| न | | क | या | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | य | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ह | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रू | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |

## सूडोकु नवताल - 6002

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6001 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

# एसबीआई ने बेची येस बैंक में हिस्सेदारी, जापान की एसएमबीसी के साथ की डील

एजेंसी ›› नई दिल्ली

■ बैंक ने यह हिस्सेदारी 8,889 करोड़ रुपए में एसएमबीसी को बेच दी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक बड़ा कदम उठाते हुए जापान की एक प्रमुख वित्तीय संस्था सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) के साथ एक अहम डील पूरी कर ली है।

इस सौदे के तहत एसबीआई ने येस बैंक में अपनी 13.18 प्रतिशत हिस्सेदारी 8,889 करोड़ रुपए में एसएमबीसी को बेच दी है। एसबीआई ने येस बैंक के करीब 413.44 करोड़ शेयर एसएमबीसी को बेचे हैं। यह बिक्री 21.50 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से की गई है। इस डील को मंजूरी तब मिली जब एसएमबीसी को भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से जरूरी मंजूरी मिल गईं।

## एसबीआई ने येस बैंक में अपनी 13.18 फीसदी हिस्सेदारी बेची

### एसएमबीसी की भारत में एंट्री

एसएमबीसी, जो जापान की सबसे बड़ी वित्तीय कंपनियों में से एक है, अब भारतीय बैंकिंग सेक्टर में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा रही है। येस बैंक में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एसएमबीसी ने 13,483 करोड़ रुपए की डील की है। इसमें से एसबीआई ने अपनी कुल 24 प्रतिशत हिस्सेदारी में से 13.18 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है, जिससे उसे 8,889 करोड़ रुपए की बड़ी रकम मिली है। बाकी बचे हुए 6.81 प्रतिशत शेयर अन्य प्राइवेट बैंक एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, कोटक महिंद्रा, एक्सिस, आईडीआफसी फर्स्ट, फेडरल और बंधन बैंक मिलकर 4,594 करोड़ रुपए में एसएमबीसी को बेची। यह भारत में एसएमबीसी की अब तक की सबसे बड़ी बैंकिंग डील मानी जा रही है।




*एसएमबीसी कौन है? : सुमिटोमो मित्सुई बैंकिंग कारपोरेशन (एसएमबीसी) जापान का प्रमुख वित्तीय संस्थान है और यह **SMFG** का हिस्सा है। यह जापान का दूसरा सबसे बड़ा बैंकिंग समूह है, जिसके पास लगभग 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति है। भारत में भी एसएमबीसी विदेशी बैंकों की श्रेणी में एक बड़ा नाम माना जाता है।*

### एसएमबीसी को मिली 24.99 प्रतिशत हिस्सेदारी की मंजूरी

आरबीआई ने एसएमबीसी को येस बैंक में अपनी हिस्सेदारी 24.99 प्रतिशत तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एक रिपोर्ट्स के अनुसार, एसएमबीसी बाकी हिस्सेदारी या तो एडवेंट और कार्लाइल जैसी प्राइवेट इक्विटी फर्मों से खरीद सकता है, या फिर येस बैंक द्वारा जारी किए जाने वाले नए प्रेफरेंशियल शेयरों में निवेश कर सकता है।

# होंडा लेकर आ रही है जल्द अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार

एजेंसी ›› नई दिल्ली



भारतीय बाजार में अपने लगातार घटते मार्केट शेयर को वापिस हासिल करने के लिए, होंडा 2030 तक कई नए एसयूवी लांच करने की योजना बना रही है, जिनमें पेट्रोल, इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड पावरट्रेन शामिल होंगे।

कार निर्माता एक नया ग्लोबल प्लेटफॉर्म -पीएफ2 -भी पेश करेगा, जो होंडा के फ्यूचर के छोटे और मिड साइज के मॉडलों को बेस देगा. पीएफ2 आर्किटेक्चर का डेब्यू एक प्रीमियम तीन-रो एसयूवी के साथ होगा, जो 2027 में आने वाली है। नई पीढ़ी की होंडा सिटी सेडान और एक नया सबकॉम्पैक्ट एसयूवी भी इसी प्लेटफॉर्म पर डिजाइन किए जाएंगे।

# पहली छमाही में चाय के निर्यात में मामूली वृद्धि

**कोलकाता।** भारतीय चाय बोर्ड ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 की पहली छमाही (जनवरी से जून) में भारत का चाय निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 12 करोड़ 50.1 लाख किलोग्राम हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 12 करोड़ 45.7 लाख किलोग्राम था। इस वर्ष के पहली छमाही में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात सात करोड़ 94.2 लाख किलोग्राम का हुआ। जबकि वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह सात करोड़ 17.7 लाख किलोग्राम था। इसी प्रकार, दक्षिण भारत से इस पेय पदार्थ का निर्यात जनवरी से जून के दौरान घटकर चार करोड़ 55.9 लाख किलोग्राम रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह पांच करोड़ 28 लाख किलोग्राम था।


## नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण

पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492002 दूरभाष : 0771-2512500, फैक्स: 2512400, ई-मेल: ceo.nranvp@cg.gov.in

क्रमाक 7648/6(1)/भू-प्रभाग/2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनाक: 16/9/2025


**संशोधित उद्घोषणा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण अंतर्गत लेयर-I योजना क्षेत्र में आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2017" (यथा संशोधित) के तहत विक्रय करने के संबंध में दिनांक 11.09.2025 को नव प्रदेश, हरिभूमि रायपुर, हरिभूमि बिलासपुर में उद्घोषणा का प्रकाशन कराया गया था जिसमें टंकन त्रुटिवश ग्राम-उपरवारा, प.ह.नं.-15, रा.नि.म. केन्द्री, तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर अंकित हो गया है जिसे संशोधित करते हुए ग्राम-रीको प.ह.न.-21, रा.नि.मं.- पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर के नाम से संशोधित उद्घोषणा प्रकाशन किया जाता है। शेष विवरण यथावत रहेगा।

प्रबंधक (भूमि)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

संवाद-45262


# रुपया 25 पैसे की बढ़त के साथ 87.84 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर आशावाद के चलते बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे बढ़कर 87.84 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच अमेरिकी मुद्रा में व्यापक कमजोरी के कारण ढाई सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि निवेशक फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले पर कड़ी नज़र रख रहे हैं क्योंकि वैश्विक स्तर पर डॉलर में नरमी रुपये को मजबूती दे रही है। बाजार को ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है, और निवेशक आगे के दिशा के लिए फेडरल रिजर्व के चेयरमैन के भाषण पर नज़र रखेंगे।

## अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कार्यक्रम में बोली वित्त मंत्री

# जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था को दो लाख करोड़ मिलेंगे, लोगों के पास होगा ज्यादा पैसा

एजेंसी ›› विशाखापत्तनम

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये डाले हैं, जिससे लोगों के पास अधिक नकदी उपलब्ध हुई है। अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती।*

जीएसटी सुधारों पर एक परिचर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कर सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आने वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पांच प्रतिशत कर लगाया गया है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत स्लैब में आ गई हैं।

■ जीएसटी सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख रुपए डाले

■ अन्यथा यह राशि कर चुकाने में ही चली जाती

■ 12 फीसदी जीएसटी स्लैब के 99 वस्तुओं पर पांच फीसदी कर लगाया गया




### कंपनियां लाभ देने आगे आ रही

वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली दिग्गज कंपनियों समेत कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है।

### नई पीढ़ी की कर व्यवस्था

सीतारमण ने कहा, "इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था, जिसमें केवल दो स्लैब (पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत) हैं, से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आए हैं। लोगों के पास ज्यादा नकदी होगी।"

### जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़

*वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो इसके लागू होने के समय वित्त वर्ष 217-18 में 7.19 लाख करोड़ रुपये था। उनके अनुसार, करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है।*

### जीएसटी लागू करने काफी मशक्कत करनी पड़ी

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक प्रमुख उदाहरण है और कहा कि यह स्वतंत्रता के बाद से गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय है। पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने पहले के कर ढांचे को 'कर आतंकवाद' बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक कर के तहत जीएसटी को लागू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### देश में रोजगार सृजन होगा

वित्त मंत्री ने कहा कि दरों में बदलाव करने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा - गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्र जो देश में

### नई दरें 22 सितंबर से लागू होगी

सीतारमण ने कहा, "संप्रग सरकार 10 साल तक चली। आप जीएसटी नहीं ला सके। आप राज्यों को जीएसटी के बारे में समझा नहीं सके... मैं कठोर राजनीतिक जवाब दे सकती थी। लेकिन आज नहीं। नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से लागू होंगे। जीएसटी परिषद ने कर स्लैब को चार (5, 12, 18 और 28) से घटाकर केवल दो (5 और 18 प्रतिशत) कर दिया है। रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./ सं.) संभाग बिलासपुर

क्र.:-का.अभि./सं./सं./ संभाग/3621 / बलरामपुर, दिनांक 17.09.2025

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि खमतराई वितरण केन्द्र अंतर्गत निम्नांकित 11 केव्ही एवं 33 केव्ही फीडरों में दिपावली पूर्व मेंटनेंस हेतु तालिका में दर्शायी गई तिथि में सुबह 09:30 बजे से शाम 02:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 18.09.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. बहतराई फीडर | ग्राम-बहतराई, बिजौर, खमतराई बस्ती, स्वास्तिक विहार, पटेल मोहल्ला, भाठापारा, एवं आस पास लगे क्षेत्र। |
| 2 | 19.09.2025 | शुक्रवार | 11 के. व्ही. रामाग्रीन फीडर | रामाग्रीन फीडर से निकलने वाले सभी फीडर |
| 3 | 20.09.2025 | शनिवार | 11 कें. व्ही. खमतराई फीडर | 11 के.व्ही. खमतराई, मानस वाटिका, आस्था इनक्लेव, हाऊसिंग बोर्ड, मुरूम खदान, अटल आवास, महर्षि कश्यप नगर एवं अन्य |
| 4 | 21.09.2025 | रविवार | 11 कें.व्ही. नगोई बस्ती | बैमा, नगोई एवं अन्य |
| 5 | 23.09.2025 | मंगलवार | 11 कें.व्ही. चिल्हाटी हाऊसिंग बोर्ड फीडर | हाऊसिंग बोर्ड चिल्हाटी,रामाग्रीन,श्रीरामपुरम, एल.आई.सी. सिटी, विवेकानंद कालोनी एवं अन्य प्रभावित क्षेत्र |
| 6 | 24.09.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. फरहदा फीडर | फरहदा, खैरा गतौरा रोड़, धनुहार पारा एवं अन्य |
| 7 | 25.09.2025 | गुरूवार | 11 कें. व्ही. परसाही फीडर | उरैहापारा, ढबहीपारा परसाही अन्य क्षेत्र |
| 8 | 26.09.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. फरहदा पंप | फरहदा पंप से संबंधित सभी फीडर |
| 9 | 27.09.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. फरहदा पंप | परसाही पंप से संबंधित सभी फीडर |
| 10 | 03.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. नगोई पंप | नगोई पंप से संबंधित सभी फीडर |
| 11 | 04.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. कोयला विहार | आर.टी.ओ., मंगलम सिटी, कोयला विहार, समृद्धि विहार व अन्य |
| 12 | 05.10.2025 | रविवार | 33 के.व्ही. एन.टी.पी.सी.-1 | 33/11 के. व्ही. चिल्हाटी से निकलने वाले सभी फीडर |
| 13 | 06.10.2025 | सोमवार | 33/11 के.व्ही. बैमा | 33/11 के.व्ही. नगोई सबस्टेशन से निकलने वाले सभी 11 के.व्ही. फीडर एवं अमृत मिशन जल-जीवन योजना |
| 14 | 11.10.2025 | शनिवार | 33/11 के.व्ही. चिल्हाटी सबस्टेशन | 33/11 के. व्ही. चिल्हाटी से निकलने वाले सभी 11 के. व्ही. फीडर |
| 15 | 12.10.2025 | रविवार | 33/11 के.व्ही. बैमा सबस्टेशन | 33/11 के. व्ही. बैमा से निकलने वाले सभी 11 के. व्ही. फीडर |

# राष्ट्रहित में बिजली की बचत करें ।
# समय पर बिजली बिल का भुगतान करें ।
# विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है ।


कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि., बिलासपुर

संवाद-45259


# इस साल देश का निर्यात छह प्रतिशत बढ़ने का भरोसा

एजेंसी ›› मुंबई

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को भरोसा जताया कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद इस साल देश का निर्यात 2024 की समान अवधि के मुकाबले करीब छह प्रतिशत बढ़ेगा। गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का व्यापार प्रदर्शन मजबूत है और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, "भारत का निर्यात वर्ष 2025 में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब छह प्रतिशत बढ़ेगा। मुझे भरोसा है कि हम साल का समापन सकारात्मक रूप से करेंगे। मंत्री ने कहा, /"भारत की बढ़ती ताकत और यह तथ्य कि हम अमृतकाल में चार लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था से 30 लाख करोड़ डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भारत व्यापार करने के लिए एक आदर्श स्थान है। दुनिया भारत के साथ और अधिक निकटता से काम करना चाहेगी।/" गोयल ने कहा कि भारत की घरेलू रफ्तार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग दोनों एक-दूसरे को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।





## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड

"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स. क्षेत्र बिलासपुर/29-2/25-26/4916 **ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना** रायपुर, दिनांक 16/09/2025.

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in, Sub Portal: http:// samb. eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर जिला बिलासपुर अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि-08.10.2025, फिजिक्ल सबमिशन की अंतिम तिथि-15.10.2025

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर के उपमंडी बिल्हा क्षेत्रातंर्गत ग्राम पत्थरखान में आदिवासी भवन के बाउण्ड्रीवाल गेट के दाहिने तरफ 04 नग एवं बाये तरफ 04 नग दुकान निर्माण कार्य। | 36.50 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01. 2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07. 2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/- सचिव, कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर जिला बिलासपुर
सही/- भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर जिला बिलासपुर

संवाद-45260



## Office of the Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle No. 01 Bastar

**E-Procurement Tender Notice**
**SHORT NOTICE INVITING BIDS**

NIT No. 178 & 179/TS 1701/1702/CGRRDA/2025 Bastar Date 16/09/2025

The Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle No. 01 Bastar on behalf of Governor of Chhattisgarh invites Online percentage rate bids from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration with Public Works Department). Details are as under :-

| S. No. | NIT No. | District | Block | Scheme | Name of Work | Tender Estimated Cost (in lakhs) | No. of Call | SOR Applied |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 178 | Bastar | Darbha | Special Central Assistance (SCA) | Construction of road Katekalyan to Kalepal (Protection Work) | 96.15 | 1st Call | SOR of CGRRDA w.e.f. 22.02.2018 |
| 2 | 179 | Bastar, Dantewada Sukma and Bijapur | All Blocks | (DMF/SCA /NMDC) | Zonal Tender for Patch repair/ Maintenance /Renewal/Special Repair/Other Minor Work by District fund (DMF/SCA/CSR etc.) under CGRRDA | 7600.00 | 1st Call | SOR of CGRRDA w.e.f. 22.02.2018 |

Date of release of Invitation for Bids through e-procurement: 18/09/2025 After 17:30 Hours.

Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency,
Project Circle No. 01 Bastar Dist. Bastar (C.G.)
Email: circleljdp@gmail.com

S-45271


# आयकर विभाग का मैरिको के खिलाफ सर्वेक्षण अभियान




**मुंबई।** आयकर विभाग ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको समूह के विभिन्न व्यावसायिक परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई विभाग की मुंबई जांच शाखा द्वारा की जा रही है। कर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेनदेन की जांच कर रही हैं। आयकर कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए कंपनी से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका। मैरिको वैश्विक सौंदर्य और स्वास्थ्य श्रेणियों में काम करने वाली भारत की अग्रणी उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों में से एक है। कंपनी के बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इसने भारत और एशिया व अफ्रीका के चुनिंदा बाजारों में बेचे गए अपने उत्पादों के माध्यम से 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार दर्ज किया।

# अर्बन कंपनी का शेयर 57% की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** ऐप-आधारित ब्यूटी और होम सर्विसेज मंच अर्बन कंपनी लिमिटेड का शेयर बुधवार को अपने 103 रुपये के निर्गम मूल्य से 57.52 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। कंपनी के शेयर ने बीएसई पर निर्गम मूल्य से 56.31 प्रतिशत की उछाल के साथ 161 रुपये पर कारोबार शुरू किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोदी बोले-पलक...

बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देकर पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। उन्होंने कहा, अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है, फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रो कर अपना हाल बताया है। प्रधानमंत्री का इशारा जैश-ए-मोहम्मद के उस कमांडर की ओर था, जिसने स्वीकार किया है कि सात मई को पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित संगठन मुख्यालय पर भारतीय मिसाइल हमलों में संगठन का मुख्यालय नष्ट हो गया तथा आतंकवादी और उनके सहयोगी मारे गए। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान का उल्लेख करते हुए कहा, यह नया भारत है। यह किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है। यह नया भारत है, घर में घुसकर मारता है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं की पुरजोर वकालत की और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" तथा आठवें वार्षिक राष्ट्रीय पोषण माह अभियान की भी शुरुआत की। केंद्र और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों ने दो अक्टूबर तक देशभर में स्वास्थ्य शिविर लगाने से लेकर स्वच्छता अभियान चलाने, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेलों और बुद्धिजीवियों के समागम तक कई तरह के जन संपर्क, कल्याण, विकास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बुधवार को बधाई दी और देश में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार करने के लिए उनकी प्रशंसा की। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है और एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश के प्रति उनका अद्वितीय समर्पण और प्रतिबद्धता प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मोदी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्र के प्रति समर्पण और अथक परिश्रम से देश को नयी ऊर्जा दी है और उसे एक नयी दिशा दिखाई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री पिछले पांच दशक से भी अधिक समय से लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और वह प्रत्येक नागरिक के लिए 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श वाक्य की जीवंत प्रेरणा हैं। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग की प्रगति के लक्ष्य के साथ 'आत्मनिर्भर और विकसित भारत' के निर्माण के लिए कई परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी को विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता बताया और कामना की कि उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बने और आतंकवाद तथा भ्रष्टाचार को खत्म कर 'विश्वगुरु' बने। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। **गृहनगर वडनगर में भी आयोजन-** पीएम मोदी के गृहनगर वडनगर में उनका 75वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, जहां उनके चचेरे भाइयों ने भी उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। गुजरात के मेहसाणा जिले के एक छोटे से शहर वडनगर के लोगों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान और नेत्र जांच शिविर, प्रसिद्ध हाटकेश्वर महादेव मंदिर में प्रार्थना और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। प्रधानमंत्री मोदी के बड़े भाई सोमाभाई मोदी ने बुधवार सुबह नेत्र जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। उन्होंने बताया, सुबह साढ़े सात बजे हाटकेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा की गई। सुबह साढ़े नौ बजे के बाद शहर में सफाई अभियान भी चलाया गया।

### साय बोले-मोदी...

का विमोचन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा, विकसित भारत की यात्रा नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान, इन चार स्तंभों पर टिकी है। यह अभियान इस लक्ष्य को नई मजबूती देगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच व दवाई उपलब्ध होगी। उन्होंने माताओं-बहनों से अपील की कि वे इन शिविरों में जरूर जाएं, ताकि किसी भी महिला को जानकारी के अभाव में गंभीर बीमारी का सामना न करना पड़े। सरकार की हर योजना गरीब के जीवन को बदलने के लिए है। **पोषण कैलेंडर का किया विमोचन-** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के कृषि मंडमप में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ के अवसर पर पोषण माह कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मेधावी छात्राओं को सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विशेष रूप से आयोजित स्वास्थ्य शिविर और महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टालों का अवलोकन कर जानकारी ली। **पोषण रथ को दिखाई हरी झंडी-** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारंभ के अवसर पर पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सभी वाहन प्रदेश के जिलों का भ्रमण कर माताओं-बहनों को पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी जानकारी देंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में चंदन के पौधे लगाये।

### मोदी के नेतृत्व...

शिविरों में महिलाओं की टीबी, एनीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों की मुफ्त जांच व दवाई उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की नीतियों के परिणामस्वरूप 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जो उनके संवेदनशील नेतृत्व का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर प्रारंभ हुई ये योजनाएं विकसित भारत के संकल्प की ठोस नींव हैं।

### विकासशील के सीएस...

से फैली की विकासशील राज्य के नए मुख्य सचिव हो सकते हैं। हालांकि उनकी नियुक्ति का आदेश अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन उनकी पदस्थापना से पहले मंत्रालय से लेकर सचिवालय में ये अटकलें तेज हो रहीं है कि विकासशील के मुख्य सचिव बनने के बाद कुछ अधिकारी मंत्रालय से बाहर भेजे जा सकते हैं। इस बात की भी प्रबल संभावना है कि नए सीएस के आने के बाद जिलों में कलेक्टरों की पोस्टिंग में बड़ा फेरबदल होगा।

### छग विद्युत ...

बाद यह पद खाली हो जाएगा। विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक पद है, सरकार बदलने के बाद भी हटाया नहीं जा सकता। पद पर चयन हाईकोर्ट के रिटायर जस्टिस की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय कमेटी करती है। नियुक्ति के बाद अध्यक्ष का कार्यकाल पांच साल या 65 वर्ष की आयु तक होता है।

### हिंसा छोड़ शांति...

आडियो क्लिप भी जारी किया गया है, जो 8 मिनट 35 सेकण्ड का है, जिसमें शांतिवार्ता व सीज-फायर की बात दोहराई गई है। गौरतलब है कि मंगलवार को वायरल केन्द्रीय समिति प्रवक्ता अभय के प्रेसनोट में हथियार छोड़ने का ऐलान करते हुए सरकार से शांति वार्ता करने की इच्छा जताते हुए एक महीने के सीज फायरिंग की मांग की है। इस प्रेस नोट में नक्सलियों ने वीडियो कॉल के जरिए सरकार से बात करने के लिए तैयार होने तथा सम्पर्क के लिए अपना ई-मेल आईडी भी जारी किया है। साथ ही सरकार से अपील की है कि टीवी या रेडियो के जरिए अपना फैसला बताए ताकि संगठन के सभी स्तर के नक्सली लीडरों को इसकी जानकारी लग सके। **सरकार ने दोहराई अपनी बात-**नक्सलियों की ओर से एक बार फिर जारी शांतिवार्ता की अपील के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पत्र की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निदेर्शानुसार निर्णय लिया जाएगा। 15 अगस्त को जारी पत्र कितना अथेंटिक है, इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि पत्र की शब्दावली में परिवर्तन है जो विरोधाभास पैदा करता है। लेकिन यदि सच्चाई है तो हम जरूर निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में कोई युद्ध जैसी स्थिति नहीं है इसलिए सीज फायर शब्द आपत्तिजनक है। सरकार नक्सलियों से बात करने को तैयार है यदि वे हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आते हैं। व्हाट्सएप, फोन, वीडियो कॉल या प्रतिनिधि भेजकर चर्चा हो सकती है। छत्तीसगढ़ की पुनर्वास नीति देश की सर्वश्रेष्ठ पुनर्वस नीति है। शर्मा ने कहा कि सरकार बस्तर में शांति स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

### शांति वार्ता की...

परिस्थितियों के अलावा लगातार प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा मुख्य धारा में शामिल होने के अनुरोध के मद्देनजर हम अस्थायी रूप से हथियार छोड़ने का निर्णय ले रहे हैं। हम यह स्पष्ट कर रहे हैं कि जन समस्याओं के लिए जहां तक संभव हो राजनीतिक दलों और संघर्षरत संस्थाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

### एटापल्ली के जंगल...

गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें दो नक्सली ढेर हो गए और मौके से एके 47 रायफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। इस मुठभेड़ में जवानों ने 2 महिला नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई महाराष्ट्र की सी-60 कमांडो की टीम ने की है।

### तलाशी जारी...

191 बटालियन के जवान मौके पर पहुंचे। जंगल की घेराबंदी कर तलाशी शुरू की गई तो माओवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो महिला नक्सली मारी गईं। घटनास्थल से दोनों नक्सलियों के शव के अलावा स्वचालित एके-47 राइफल, एक अत्याधुनिक पिस्तौल, जिंदा कारतूस और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

### अभिनेत्री दिशा...

एक संयुक्त टीम ने गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी में रवींद्र और अरुण को रोका। उन्होंने बताया कि इसके बाद हुई मुठभेड़ में दोनों आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। **गोल्डी बरार गिरोह के सदस्य-** यश ने बताया कि रवींद्र और अरुण दोनों रोहित गोदारा-गोल्डी बरार गिरोह के सक्रिय सदस्य थे। रवींद्र का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी कई मामलों में शामिल रहा था। मौके से एक ग्लॉक और एक जिगाना पिस्टल के साथ बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं।

### ट्रंप ने ड्रग्स तस्करी ...

अफगानिस्तान, बहामास, बेलीज, बोलिविया, म्यांमार, चीन, कोलंबिया, कोस्टा रिका, डोमिनिकन रिपब्लिक, इक्वाडोर, अल सल्वाडोर, ग्वाटेमाला, हैती, होंडुरास, भारत, जमैका, लाओस, मेक्सिको, निकारागुआ, पाकिस्तान, पनामा, पेरू और वेनेजुएला शामिल हैं। **किस आधार पर बनाई गई सूची?-** विदेश विभाग ने स्पष्ट किया कि यह सूची भौगोलिक, व्यापारिक और आर्थिक कारकों के आधार पर बनाई गई है।


अहलूवालिया हॉस्पिटल
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।

गठियावात, लकवा एवं सभी प्रकार के दर्द में अत्यंत गुणकारी
गठियावात एवं हर प्रकार के दर्द निवारक मसाज तेल
Since-2000 मारुति® मसाज ऑइल
झटपट दिलाये आराम
गुणधर्म : हाथ, पैर, कमर, पीठ में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, संधिवात, गठीयावात, साइटिका, लकवा और सभी प्रकार के वेदना।
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

सभी प्रकार की एलर्जी · डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद · आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बूढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये!
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 9039055548, 9300000989, 9300000702

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA · भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स · Lab Care Diagnostics
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवाएं उपलब्ध है। 50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच
पता: सीलआईडीपी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282



epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100


## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-**प्रतिष्ठित कम्पनी में कार्य करने हेतु सेल्समेन, डिलीवरी ब्वाय, टेली कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने व्यापार विहार रोड बिलासपुर **(38715)**

**आवश्यकता है-** न्यू डेविल चश्मा दुकान में काम करने हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- न्यू डेविल चश्मा सिम्स हॉस्पिटल के सामने बिलासपुर 9098444923 **(38720)**

**आवश्यकता है-** सेल्स मैनेजर के कार्य को करने की योग्यता रखते हो, प्रतिमाह इनकम 21000 रुपए। इच्छुक पार्टी जिनके पास स्वयं का सर्वसुविधायुक्त एक बड़ा हाल खाली हो। नियम शर्तें लागू। सम्पर्क करें- राधा कृष्ण सेवा संस्थान बिलासपुर 81091 00493 **(38719)**

**आवश्यकता है-**पेन्ट्स दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रंग महल पेन्ट्स रायपुर रोड जरहाभाठा बिलासपुर 98264 12398 **(38705)**

**आवश्यकता है-** सांई पेट क्लीनिक एवं पेट शाप में कार्य हेतु गर्ल्स स्टाफ की आवश्यकता है। योग्यता 10वीं पास सम्पर्क करें- 93298 06201 **(38711)**

**आवश्यकता है-**OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28 आय 8500 से 18000, रहना खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 88188 77406, 9644433021 **(38704)**

**आवश्यकता है-** आवास में रह कर साफ सफाई एवं अन्य काम करने हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है वेतन 9000 रुपए सम्पर्क करें- पंचवटी स्कूल पुराना हाई कोर्ट के पास बिलासपुर 9752583075 **(38714)**

**आवश्यकता है-** ट्रान्सपोर्ट ऑफिस में कार्य करने हेतु एक व्यक्ति की आवश्यकता है। हिन्दी/ अंग्रेजी का ज्ञान हो। सम्पर्क- अग्रवाल ट्रान्सपोर्ट पैकर्स एण्ड मूवर्स महिन्द्रा शोरूम के पास ट्रान्सपोर्ट नगर बिलासपुर 9826518218 **(38716)**

**आवश्यकता है-**दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है पेमेन्ट भरपूर मात्रा में। सम्पर्क करें- नैतिक ट्रेडर्स अजीत होटल के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9827689999 **(38694)**

**आवश्यकता है-** होटल कार्य करने हेतु रिसेप्शन, हाउस कीपिंग एवं सर्विस स्टाफ की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 11000 से 18000 सम्पर्क करें- टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9993432322 **(38712)**

**आवश्यकता है-** होलसेल मेडिकल में बाहर लाइन पर जाकर आर्डर बुकिंग/ पेमेंट कलेक्शन हेतु अनुभवी सेल्समैन। बाइक अनिवार्य वेतन 12000 से 15000+ एक्सपेंस। मिलें- नितिन मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर 9827497711 **(38713)**

**आवश्यकता है-** सुपर बाजार में काम करने हेतु कम्प्यूटर आपरेटर एवं लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार केवल अनुभवी सम्पर्क करें- यश सुपर बाजार रिंग रोड नं-2 गौरव पथ महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर **(38708)**

**आवश्यकता है-** टिफिन सेन्टर में खाना बनाने कारीगर, बर्तन धोने हेतु महिला और टिफिन सप्लाई करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- खुशी टिफिन सेन्टर ईदगाह चौक बिलासपुर 9301264242,997742068 0 **(38709)**

**आवश्यकता है-**श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड के गोडाउन में काम करने के लिए कंप्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी एवं पास में रहने वालों को प्राथमिकता। इंटरव्यू सुबह 10 से 12बजे तक वासु लॉजिस्टिक अंबिका ऑटो सेल्स एंड सर्विस कैंपस खरसिया रोड अंबिकापुर सम्पर्क करें- 7000681512, 7828901615 **(277)**

**आवश्यकता है-** एक कैशियर एवं चार हेल्पर स्टाफ की कार्य करने के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड एवं बायोडाटा के साथ तुरन्त सम्पर्क करें- 7000216281 **(38710)**

**आवश्यकता है-**रियल स्टेट ऑफिस में ऑफिस कार्य एवं मार्केटिंग हेतु 18 से 23वर्ष की लड़कियां चाहिए योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट वेतन 6000 से 12000 समय सुबह 10:30 से शाम 7:30 lunch included सम्पर्क- स्वप्निल बिल्ड रियल स्टेट 93028 22476, 74155 58455 **(38706)**

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग कार्य हेतु सेल्स एग्जीक्यूटिव युवक/ युवती एवं कमर्शियल ऑटो चालक की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन+ कमीशन सम्पर्क करें- ॐसाईं डेकोरेटर्स पूजा पैराडाइज, साइंस कॉलेज रोड 9827986314 **(275)**

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट कंस्ट्रक्शन कम्पनी में (1) Civil Site Supervisor अनुभवी qualified candidates. (Experience 5yrs) अनुभवी साइट चलाने योग्य। (2) Civil Engineer (autocad experienced and structural knowledge) सम्पर्क करें- 97707 70000, 9827072000 **(38614)**

**आवश्यकता है-**घरेलू काम सब्जी काटने, झाड़ू पोछा करने बर्तन धोने एवं अन्य छोटे कार्य करने हेतु महिला की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 9बजे से शाम 6बजे तक सम्पर्क करें- 6268970045 **(38703)**

**आवश्यकता है-**NSN कंपनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है रहना खाना फ्री, सैलरी 10000 से 15000 सम्पर्क करें- भिलाई-3, सिरसा गेट चौक सुमीत बाजार के सामने, भिलाई 9827622050, रायपुर 9993929100 **(276)**

**आवश्यकता है-** रिटेल दवाई दुकान में कार्य हेतु योग्य लड़के एवं लड़कियों की तुरंत आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार तुरंत संपर्क करें:- सलुजा स्किन क्लिनिक मंदिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर **(280)**

**आवश्यकता है-**नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 8335914373 **(1137)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना संपर्क करें 87705 08791 ,7225815090 **(416)**

**आवश्यकता है-** NATRAJ पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा। भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको। नौकरी की जरूरत हो तो संपर्क करें +919241054300 +918873762120 **(6847)**

## शैक्षणिक

**शैक्षणिक -** मैट्स विश्व विद्यालय मुक्त दूरवर्ती ऑनलाइन एजुकेशन, शासकीय सेवा में मान्य, डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, एमसीए, बीए, एमए, बीकॉम, एमकॉम, बीबीए, एमबीए, बीलिब, इनफॉर्मेशन सेन्टर- राजेन्द्र नगर चौक, बिलासपुर 9516036581, 8959264581 **(38718)**

## बेचना

**बेचना है-**महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22x45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में एवं डबल रोड का आवासीय प्लॉट भी बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें-6265041277, 9329940681 **(270)**

**बेचना है-**हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 **(38649)**

**बेचना है-**(1) सेकेन्ड हेण्ड सेंट्रिंग का सामान बेचना है (2) डक्टिंग का बड़ा पंखा बेचना है सम्पर्क करें-9301637364 **(38699)**

**बेचना है-**पूर्ण विकसित T&C एवं 80 परिवारों वाली कालोनी आर.के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो मकान बेचने हैं। 2BHK 45लाख एवं 3BHK 80लाख में। सम्पर्क करें- 9300989627 **(38693)**


आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां


### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586


Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसे: शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8


### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ओमान के खिलाफ भारत कर सकता है प्लेइंग इलेवन में बदलाव, बुमराह को दिया जाएगा आराम!

एजेंसी ▶▶| दुबई

19 सितंबर को भारत को एशिया कप 2025 में ओमान के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलेगा। वहीं इस मुकाबले के लिए टीम इंडिया अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव कर सकती है। दरअसल, इस दौरान जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। फिलहाल, भारत सुपर-4 में 21, 24 और 26 सितंबर को अपने मैच खेलेगा।

## 28 सितंबर को फाइनल

इसके बाद 28 सितंबर को फाइनल होगा। ऐसे में टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार ये टीम अगर खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करती है तो उसे सात दिनों में चार मैच खेलने पड़ सकते हैं। टीम प्रबंधन अपने प्रमुख तेज गेंदबाज को आगे के लिए चुनौतीपूर्ण दौर के लिए तरोताजा रखने के महत्व को समझता है।

## भारत सुपर-4 में 21, 24 और 26 सितंबर को खेलेगा मैच



### अर्शदीप या राणा के खेलने की संभावना

बुमराह खुद मैच से बाहर रहना चाहते हैं या नहीं, ये तो कहा नहीं जा सकता। लेकिन ये फैसला व्यावहारिक होने की उम्मीद है क्योंकि उन्हें किसी कम महत्व वाले मैच की जगह टूर्नामेंट के आखिरी चरण के लिए पूरी तरह से तैयार रखना बेहतर है विकल्प है। ऐसी स्थिति में अर्शदीप सिंह या हर्षित राणा में किसी एक के खेलने की संभावना है।

## श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान को दिखाना होगा आक्रामक खेल

**अबुधाबी।** अफगानिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को एशिया कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मुकाबले में खुलकर आक्रामक खेल दिखाना होगा। बांग्लादेश से हारने के बाद अफगानिस्तान को सुपर चार में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को हर हालत में हराना होगा। इसमें जीतने पर उसके श्रीलंका और बांग्लादेश के समान चार अंक होंगे लेकिन उसका रन रेट (2.150) बांग्लादेश (माइनस 0.270) से बेहतर है, जिसके सारे लीग मैच हो चुके हैं।



### अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी अफगानिस्तान

टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद राशिद खान की कप्तानी वाली टीम से काफी उम्मीदें हैं लेकिन एशिया कप में अभी तक वह अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी है। अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार की रात 155 रन का लक्ष्य हासिल करना था लेकिन वह नाकाम रही। राशिद ने मैच के बाद कहा था,' हम उस तरह का आक्रामक क्रिकेट नहीं खेल पाए हैं, जिसके लिये हम मशहूर हैं। हमने खुद पर काफी दबाव बनने दिया। हमारे गेंदबाजों ने उन्हें 160 रन के नीचे रोक दिया लेकिन बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेले।' उन्होंने कहा,' टी20 क्रिकेट में कई बार पहले छह ओवर में ही मैच हाथ से निकल जाता है लेकिन आपको वापसी करनी होती है।'

## खबर संक्षेप



### 9 अक्टूबर से वुमेन्स इंडिया ओपन गोल्फ

**नई दिल्ली।** भारत और दुनिया की कई शीर्ष खिलाड़ी 17वें हीरो वुमेन्स इंडिया गोल्फ टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिसका आयोजन 9 से 12 अक्टूबर तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में किया जाएगा। इस 72 होल के टूर्नामेंट में 28 देशों की 114 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इस बार प्रतियोगिता की इनामी राशि में भी इजाफा किया गया है, जो चार लाख डॉलर से बढ़ाकर पांच लाख डॉलर कर दी गई। प्रतियोगिता की विजेता को 75 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। भारतीय महिला गोल्फ संघ (डब्ल्यूजीएआई) की अध्यक्ष कविता सिंह ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देखते हुए कहा, 'प्रतियोगिता की इनामी राशि चार लाख डॉलर से बढ़ाकर पांच लाख डॉलर कर दी गई है। हम बेहद रोमांचित है क्योंकि हमारी खिलाड़ियों के लिए यह काफी मायने रखता है। हमारे लिए यह बेहद गर्व की बात है लेकिन महिला टूर को जरूरी पहचान मिल रही है।'

### छह निशानेबाजों की उड़ान छूटी

**पुणे।** चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गोवा जा रहे पुणे के छह राइफल और पिस्टल निशानेबाज हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान उनके हथियारों और कारतूस को स्वीकृति देने में कथित देरी के कारण अपनी उड़ान से चूक गए। सभी निशानेबाजों की उम्र 18 साल से कम है और उन्हें गोवा में होने वाली 12वीं पश्चिम क्षेत्र निशानेबाजी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए अकासा एयर के विमान से उड़ान भरनी थी। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए अकासा एयर ने कहा कि निशानेबाज 'विशेष निशानेबाजी उपकरणों की मौजूदगी में उनके सामान से जुड़ी अतिरिक्त सुरक्षा प्रक्रियाओं' के कारण विमान में सवार नहीं हो सके। विमान कंपनी ने कहा कि उनकी टीम आवश्यक सहायता प्रदान कर रही हैं और वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की जा रही है।




### लिवरपूल में नहीं जीतती तो दोबारा नहीं खेलूंगी

**नई दिल्ली।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला। तोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने कहा ,' इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी।' उन्होंने कहा,' मैं हमेशा अपना शत प्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं।'



## वर्ल्ड एथलेटिक्स 2025 : जैवलीन थ्रो का फाइनल आज

# नीरज ने फाइनल में की जगह पक्की पहले राउंड में फेंका 84.85मी. भाला

एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारत के स्टार जैवलीन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स 2025 जैवलीन थ्रो इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। नीरज चोपड़ा ने पहले ही राउंड में 84.85 मीटर भाला फेंककर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इस इवेंट का फाइनल 18 सितंबर गुरुवार को होगा।

### डिफेंडिंग चैंपियन हैं नीरज

नीरज चोपड़ा को इस इवेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए 84.50 मीटर भाला फेंकना था और उन्होंने पहले ही राउंड में इस बाधा को पार करते हुए ये उपलब्धि अपने नाम कर ली। नीरज चोपड़ा मौजूदा समय में भारतीय एथलीट विश्व चैंपियनशिप में जैवलीन थ्रो इवेंट के विजेता हैं और साल 2023 में उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। नीरज चोपड़ा इस इवेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं और वे जान जेलेजनी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) के बाद इतिहास में वर्ल्ड जैवलिन टाइटल को लगातार दो बार जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे।






सचिन यादव (भारत) 83.67 मीटर

### ग्रुप-ए से फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले टॉप-12 एथलीट

| | |
|---|---|
| जूलियन वेबर (जर्मनी) | - 87.21 मीटर |
| डेविड वेगनर (पोलैंड) | - 85.67 मीटर |
| नीरज चोपड़ा (भारत) | - 84.85 मीटर |
| जैकब वाडलेज (चेक गणराज्य) | - 84.11 मीटर |
| केशोर्न वालकॉट (त्रिनिदाद और टोबैगो) | - 83.93 मीटर |
| सचिन यादव (भारत) | - 83.67 मीटर |
| एडिस माटुसेविसियस (लिथुआनिया) | - 82.78 मीटर |
| सुमेधा रणसिंघे (श्रीलंका) | - 81.86 मीटर |
| साइप्रियन मृजीग्लोड (पोलैंड) | - 81.47 मीटर |
| लस्सी एटेलटालो (फिनलैंड) | - 81.33 मीटर |
| मार्क एंथोनी मिनिचेलो (USA) | - 80.47 मीटर |
| कीशॉन स्ट्रेचन (बाहमास) | - 80.03 मीटर |

### 2023 में 88.17 मीटर थ्रो के साथ जीता था गोल्ड मेडल

नीरज ने साल 2023 में 88.17 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर थ्रो के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे जबकि और याकुब वडलेच (86.67 मीटर थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार नीरज चोपड़ा के अलावा वर्ल्ड नंबर वन जूलियन वीबर ने दूसरे प्रयास में 87.21 मीटर थ्रो करते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। जूलियन वीबर ने पहले प्रयास में 82.29 मीटर थ्रो किया था। नीरज के साथ ग्रुप ए में भारत के सचिन यादव भी थे, जिन्होंने पहले प्रयास में 80.16 मीटर थ्रो किया। दूसरे प्रयास में भी सचिन फेल हो गए और उन्होंने 83.67 मीटर थ्रो किया। उन्होंने तीसरे प्रयास में 82.63 मीटर थ्रो किया और फाइनल में पहुंचने से चूक गए।




### नीरज बनाम नदीम

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में नीरज को पाकिस्तान के अरशद नदीम से कड़ी चुनौती मिलेगी। चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम की चुनौती का सामना करेंगे। ऐसे में उनके पास पेरिस ओलंपिक में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का शानदार मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, चोपड़ा को 89.45 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा था।

### जूलियन वेबर ने दूसरे प्रयास में किया क्वालीफाई

नीरज ने लगातार 5वीं ग्लोबल चैंपियनशिप में ऐसा किया जब फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें सिर्फ एक प्रयास की जरूरत पड़ी। इससे पहले वह 2021 ओलंपिक, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक में ऐसा कमाल कर चुके हैं। नीरज चोपड़ा पर अब फाइनल में लगातार दूसरी बार इतिहास रचने पर निगाहें लगी होंगी। नीरज के अलावा जर्मनी के जूलियन वेबर ने 87.21 मीटर थ्रो के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने दूसरे प्रयास में फाइनल का टिकट हासिल किया।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज

# गरजा स्मृति का बल्ला, 77 गेंद में शतक ठोककर रचा इतिहास




एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में महिला टीम इंडिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेल रही है।

इसके पहले मैच में फिफ्टी जड़ने वाली सलामी बल्लेबाज स्मृति मांधना ने दूसरे मैच में धमाल मचाया और 77 गेंद में वनडे करियर का 12वां शतक ठोका। इसके चलते महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक शतक जमाने वाली मांधना तीसरी बैटर बनी।

- महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक शतक जमाने वाली तीसरी बैटर बनी मांधना

### मांधना-प्रतीका के बीच 70 रनों की साझेदारी

न्यू चंडीगढ़ के मैदान में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसका फायदा महिला टीम इंडिया की ओपनर स्मृति मांधना ने उठाया। मांधना ने एक छोर संभाले रखा और प्रतीका रावल के साथ मिलकर 70 रनों की साझेदारी निभाई। तभी रावल 32 गेंद में चार चौके से 25 रन बनाकर चलती बनी। लेकिन इसके बाद हरलीन देओल (10) और हरमनप्रीत कौर (17) जहां कुछ नहीं कर सकी तो स्मृति ने बल्ले से जवाब देना जारी रखा।

## चाइना मास्टर्स

# सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| शेनजेन

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए । पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया।

- मलेशिया के आरिफ और याप को 42 मिनट में हराया

### पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त

वहीं हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गई। महिला एकल में पीवी सिंधू प्री क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से बाहर जेमिमा



**मुल्लांपुर।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स वायरल बुखार के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी दो महिला वनडे मैच नहीं खेल सकेंगी, जिनकी जगह तेजल हसबनिस को टीम में शामिल किया गया है। रौड्रिग्स 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले फिट हो जाएंगी। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा,' महिला चयन समिति ने जेमिमा रौड्रिग्स के विकल्प के तौर पर तेजल हसबनिस को टीम में शामिल किया है।

## पाकिस्तान एशिया कप के सुपर-4 में पहुंचा




एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप का 10वां मैच पाकिस्तान और मेजबान यूएई के बीच दुबई में खेला गया। इस मैच में यूएई को 41 रनों से हराकर पाकिस्तान ने सुपर-4 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इस मुकाबले में टॉस जीतकर यूएई ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. पाकिस्तान ने यूएई के सामने 147 रनों का लक्ष्य रखा था।

## मेस्सी के गोल से इंटर मियामी जीता ...



**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेस्सी ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने सीएटल सोंडर्स को 3-1 से हराया। सोंडर्स ने लीग कप फाइनल में 31 अगस्त को इंटर मियामी को 3-0 से हराया था। मेस्सी ने 12वें मिनट जोर्डी अल्बा को पास दिया, जिन्होंने मियामी को बढ़त दिलाई।

## सेमीफाइनल में अंतिम ज्योति और राधिका बाहर

**जाग्रेब।** अंतिम पंघाल ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पांचवें दिन बुधवार को चीन की जिन झांग के खिलाफ आखिरी क्षणों में 'टेक-डाउन' (जमीन पर गिराकर अंक बनाना) करके महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और भारत की पदक की उम्मीद बरकरार रखी लेकिन राधिका और ज्योति बेरीवाल बाहर हो गईं। अपने दूसरे विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में जुटी युवा अंतिम ने अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की जब उन्होंने स्पेन की कार्ला जैम सोनेर को मात्र 23 सेकेंड में नॉकआउट कर दिया लेकिन झांग के रूप में उन्हें एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी मिली, जिसे उन्होंने 9-8 से हरा दिया। अंतिम ने दो अंक के साथ झांग को असंतुलित करके 'डबल-लेग टेक-डाउन' किया। भारतीय खिलाड़ी ने 'हेड-लॉक' मूव के साथ अपनी बढ़त दोगुनी कर दी, जिसे उन्होंने टेक-डाउन में बदल दिया।

## चैंपियंस लीग फुटबॉल : मैड्रिड ने मार्सिले को 2-1 से हराया

# 200 मैच जीतने वाली पहली टीम बनी रीयल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियान एमबाप्पे ने पेनल्टी पर दो गोल दागे, जिससे 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल के पहले दिन मार्सिले को 2-1 से हराया। इस जीत का मतलब है कि 15 बार का चैंपियन मैड्रिड 1990 के दशक की शुरुआत में प्रतियोगिता को नए सिरे से पेश किए जाने के बाद 200 जीत तक पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी जाबी अलोंसो ने इसके साथ क्लब के कोच के रूप में अपने चैंपियन्स लीग पदार्पण में जीत के साथ आगाज किया। टिमोथी वीह ने शुरुआत में ही मार्सिले को बढ़त दिला दी लेकिन एमबाप्पे ने 29वें और 81वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिला दी। एमबाप्पे के अब मैड्रिड के लिए 64 मैच में 50 गोल हो गए हैं। टोटेनहैम ने गोलकीपर लुईज जूनियर के आत्मघाती गोल से विलारीयाल को 1-0 से हराया।




तूरिन में बोरुसिया डोर्टमंड और यूवेंटस ने 4-4 से ड्रॉ खेला जबकि काराबेग ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेनफिका को 3-2 से हराया। आर्सेनल ने एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराया जबकि टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे बेल्जियम के यूनियन सेंट गिलोइसो ने पीएसवी आइंडहोवेन को 3-1 से शिकस्त दी।

### गोलकीपर को मारी टक्कर कार्वाजल को लाल कार्ड


चैंपियन्स लीग के मैच में मार्सिले के गोलकीपर गेरोनिमो रुली को सिर से टक्कर मारने के बाद रीयाल मैड्रिड के अनुभवी डिफेंडर दानी कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैड्रिड के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रुली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया। उस समय मैड्रिड के कप्तान कार्वाजल चोटिल ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की जगह लेने के लिए पांचवें मिनट में मैच में उतरे थे। घटना के समय मैच 1-1 से बराबरी पर था।

# दुनिया के महासागरों में है लाखों टन सोना, अरबों डॉलर है कीमत

एजेंसी ▶▶| लंदन

क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि समंदर के अंदर दुनिया का अथाह खजाना छिपा हुआ है। यह खजाना शुद्ध सोने के रूप में समुद्र के अंदर मौजूद है, जिसकी कीमत खरबों डॉलर है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी के महासागरों और सागरों में लाखों टन सोना मौजूद है, जो पानी में घुला हुआ है। वैज्ञानिकों ने इस सोने को निकालने के तरीकों पर शोध किया है, लेकिन यह कोई आसान काम नहीं है। हर 10 करोड़ मीट्रिक टन समुद्री जल में एक ग्राम सोना पाया जाता है। सवाल उठता है कि यह सोना कैसे निकाला जा सकता है और भविष्य में समुद्र से सोना निकालना संभव हो पाएया या नहीं?

नेचर और जर्नल ऑफ द अमेरिकन केमिकल सोसायटी (2018) में प्रकाशित स्टडी ने इन सोने को निकालने के तरीके सुझाए हैं, लेकिन यह प्रक्रिया अभी भी आर्थिक रूप से बहुत जटिल है। वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्र में लाखों टन सोना है, जिसकी कीमत मौजूदा अनुमानों के अनुसार, अरबों डॉलर हो सकती है। अनुमान के अनुसार, समुद्र के पानी में 2 करोड़ टन सोना घुला हुआ है। इस सोने के खनन पर अक्सर चर्चा होती रही है, लेकिन इसका कोई समाधान नहीं निकला है।



## वैज्ञानिकों ने खोजा निकालने का तरीका, लेकिन ये है मुश्किल

### समंदर में कैसे पहुंचा सोना?

यह सोना प्राकृतिक प्रक्रियाओं के जरिए सागरों तक पहुंचा है। इनमें से एक प्रक्रिया भूमि अपरदन है, यानी चट्टानों और अन्य प्राकृतिक वस्तुओं से सोना धीरे-धीरे समुद्र में रिसता है। बारिश और नदियां धीरे-धीरे चट्टानों को तोड़ती हैं। इस दौरान उनमें मौजूद सोने की कुछ मात्रा समुद्र में पहुंच जाती है। इसके अलावा हाइड्रोथर्मल वेंट भी जिम्मेदार है। यह उन क्षेत्रों में होता है, जहां टेक्टोनिक प्लेटें मिलती हैं, जिससे गर्मी के कारण सोने समेत घुले हुए खनिजों से युक्त तरल पदार्थ निकलते हैं।



### कैसे निकलेगा पानी से सोना?

समुद्र से सोना निकालना बेहद जटिल प्रक्रिया है। विशाल क्षेत्रों में सोना अल्पमात्रा में मौजूद है। एक लीटर पानी में 1 नैनोग्राम से भी बहुत कम सोना है। यहां समझना जरूरी है कि 1 अरब नैनोग्राम से एक ग्राम होता है। समुद्री खनन एक तकनीकी चुनौती बना हुआ है। 1941 में किए गए नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में एक विद्युत रासायनिक विधि का प्रस्ताव रखा गया था, जिसकी लागत सोने के मूल्य से 5 गुना अधिक होती। अमेरिकी केमिकल सोसायटी के जर्नल में 2018 में प्रकाशित एक अन्य विधि में एक पदार्थ का जिक्र किया गया था, जो स्पंज की तरह सोने को सोख सकता है। हालांकि, इस विधि को बढ़ाकर बड़ी मात्रा में सोना निकालकर लाभप्रद रूप से निकालना अभी भी एक चुनौती बनी हुई है।

## रोचक खबरें



### टूरिस्ट प्लेस बना चीन का ये पब्लिक टॉयलेट, खूबसूरती देख दंग रह गए लोग

**बीजिंग।** चीन में एक से बढ़कर एक ऐसी चीजें देखने को मिलती हैं, जो हैरान कर देती हैं। टेक्नोलॉजी के मामले में तो ये देश आगे है ही, क्रिएटिविटी के मामले में भी कम नहीं है। यहां के लोग अक्सर नई-नई क्रिएटिविटी भी दिखाते रहते हैं। फिलहाल सोशल मीडिया पर ऐसी ही एक क्रिएटिविटी से जुड़ा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग चीन की तारीफ पे तारीफ किए जा रहे हैं। दरअसल, चीन के गांसू प्रांत के डुनहुआंग नाइट मार्केट में एक सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है, जो अब चर्चा का विषय बन गया है। ये पब्लिक टॉयलेट किसी टूरिस्ट प्लेस से कम नहीं है। यूनेस्को द्वारा सूचीबद्ध प्रसिद्ध मोगाओ गुफाओं की शैली में बना यह टॉयलेट कला, विरासत और कंफर्ट का एक अनूठा संगम है। दो मंजिला इस जगह पर डुनहुआंग संस्कृति से प्रेरित भित्ति चित्र हैं, जबकि बाहर पारदर्शी कांच की दीवारें हैं, जैसा आमतौर पर किसी ऑफिशियल बिल्डिंग में देखने को मिलता है। अगर, इस टॉयलेट की खासियत की बात करें तो इसमें एक मदर-एंड-बेबी-रूम है, जिसमें एंटीबैक्टीरियल नर्सिंग टेबल, चाइल्ड सेफ्टी सीट्स और एक सेल्फ क्लीनिंग सिस्टम है। इसके अलावा अंदर अन्य लोगों के लिए भी बैठने की जगह है, पेय पदार्थ निकालने वाली मशीन है और बुजुर्गों और विकलांग पर्यटकों के लिए सुलभ सुविधाएं भी मौजूद हैं।

### इस शख्स से मिलकर ग्रेट खली भी हुए हैरान, बोला - पहली बार ऊपर देख रहा हूं

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों द ग्रेट खली और करण सिंह का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। करण सिंह मेरठ के रहने वाले हैं। इनका गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे लंबे नवजात शिशु के तौर पर नाम भी दर्ज है। ये देश दुनिया में अपनी असाधारण लंबाई के लिए जाने जाते हैं। पिता संजय सिंह के मुताबिक जब करण सिंह का जन्म हुआ था उस समय उनका वजन करीब 7.8 किलोग्राम था। वहीं ,कद करीब 43 सेंटीमीटर था। वहीं, जब इस बालक की लंबाई असाधारण ढंग से बढ़ने लगी तो कई चिकित्सकों को दिखाया गया। हालांकि, चिकित्सकों की जांच में बालक स्वस्थ पाया गया। वहीं, अब करण सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस वीडियो में वो डब्ल्यूडब्ल्यूई के मशहूर रेसलर रहे द ग्रेट खली के साथ मिलते हुए दिखाई दे रहे हैं। खली खुद भी काफी लंबे हैं। वहीं, इस वीडियो में करण सिंह के सामने वह काफी छोटे दिखाई दे रहे हैं। खली करण सिंह से हाथ मिला रहे हैं और कह रहे हैं कि क्या बात है यार, पहली बार मैं ऊपर को देख रहा हूं यार। इस दौरान वह कहते हैं मैं हमेशा नीचे देखता रहा हूं, उनकी यह बात सुनने के बाद आसपास के लोग काफी हंसने लगते हैं। इसी बीच पीछे से कोई शख्स कहता है आशीर्वाद भी आपका ही है



# वैज्ञानिकों ने दिखाया अंटार्कटिका का खतरनाक नक्शा, बर्फ के नीचे मिली 322 रहस्यमय घाटियां


**वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों को अंटार्कटिका की बर्फ के नीचे 322 पानी के अंदर की घाटियां मिली हैं। यह खोज बहुत ही बड़ी है, क्योंकि इससे पता लगेगा कि अंटार्कटिका दुनिया के महासागरों के साथ कैसे जुड़ा हुआ है। वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिका के समुद्र के नीचे अबतक का सबसे साफ नक्शा बनाया है। इस नक्शे में 332 घाटियां दिखाई दे रही हैं जिनमें से कई 4,000 मीटर से भी ज्यादा गहरी हैं। ये घाटियां पानी, गर्मी और मिट्टी को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में बहुत अहम भूमिका निभाती हैं। इससे वैज्ञानिकों को ये जानने में मदद मिलेगी कि बर्फ पिघलने से समुद्र पर इसका क्या असर पड़ेगा।**

### वैज्ञानिकों ने ये नक्शा कैसे तैयार किया?

इसे बनाने के लिए वैज्ञानिकों ने 40 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खोजों से मिली जानकारी का इस्तेमाल किया। इससे पहले के नक्शों से यह 5 गुना ज्यादा साफ है। बार्सिलोना यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. एम्ब्लास ने बताया कि, इनमें से कुछ घाटियां दुनिया की सबसे बड़ी घाटी के बराबर है। उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई कि अंटार्कटिका के पूरब और पश्चिम के किनारे एक-दूसरे से बहुत अलग हैं।




### खोज में वैज्ञानिकों को क्या मिला?



इस खोज के जरिए वैज्ञानिकों ने पाया कि अंटार्कटिका के 2 हिस्से बहुत अलग हैं। पूर्वी अंटार्कटिका की घाटियां बड़ी और टेढ़ी-मेढ़ी हैं और ये दिखाती हैं कि यहां बहुत लंबे समय से बर्फ की हलचल रही है। वहीं, पश्चिमी अंटार्कटिका की घाटियां और सीधी और छोटी हैं और यहां बर्फ की गति हाल ही में हुए जलवायु बदलावों की वजह से हुआ। ये दिखाते हैं कि अंटार्कटिका की बर्फ तेजी से पिघल रही है।

### ये घाटियां क्या काम करती हैं?

पानी के नीचे की ये घाटियां स्थिर जगहें नहीं हैं, बल्कि ये समुद्र को एक जगह से दूसरे जगह लेकर जाती हैं। ये घाटियां अंटार्कटिका से ठंडे और भारी पानी को गहरे समुद्र में पहुंचाती है। यह ठंडा पानी एक बड़ी धारा बनाता है जो पूर महासागर में घूमती है, जिसे महासागरीय कन्वेयर बेल्ट भी कहते हैं। यहीं घाटियां समुद्र के गर्म पानी को भी वापस अंटार्कटिका के तट पर ले जाती हैं।



### कितना हिस्से नक्शे पर उतरा?

इस बड़ी खोज के बाद भी अंटार्कटिका के समुद्र के नीचे का ज्यादातर हिस्सा अभी भी नहीं देखा गया है। वैज्ञानिकों के अंदाजे के अनुसार पूरी दुनिया के महासागरों का सिर्फ 27% ही अभी ठीक से नक्शे में उतारा गया है। वैज्ञानिक कहते हैं कि पानी के नीचे और बर्फ के नीचे का नक्शा बनाना अब सबसे जरूरी काम है। भविष्य में वैज्ञानिक पानी के अंदर चलने वाली मशीनों और सैटेलाइट से इसकी और जांच करेंगे, जिससे पता चल सके कि ये रास्ते सच में कैसे काम करते हैं।


# टैटू बनवाने का शौक, महिला ने खुद को बना लिया भूत!

**सिडनी।** टैटू बनवाना आज के समय में आम बात है। मगर कई बार लोग इतने ज्यादा टैटू बनवा लेते हैं कि उनके शरीर पर सिर्फ टैटू ही टैटू नजर आता है। ऐसा ही कुछ एक महिला को देखकर भी लगेगा। वो टैटू से इस कदर भरी है कि असली स्किन नजर नहीं आती। अब इस महिला ने बताया है कि उसने टैटू पर कितने रुपये खर्च किए है। सुंदरता की परिभाषा हर किसी के लिए अलग होती है। कोई इसे सादगी में देखता है तो कोई इसे प्रयोग और बदलाव में। ऑस्ट्रेलिया की एंबर ल्यूक का नाम इसी अनोखे नजरिए से जुड़ा है। 30 वर्षीय एंबर को आज 'ऑस्ट्रेलिया की सबसे ज़्यादा टैटू वाली महिला'कहा जाता है, क्योंकि उनके शरीर का लगभग 98% हिस्सा टैटू से ढका हुआ है। एंबर की टैटू बनवाने की यात्रा महज़ 16 साल की उम्र में शुरू हुई थी। पहला टैटू बनवाने के बाद ही उनकी रुचि इतनी गहरी हो गई कि धीरे-धीरे यह जुनून में बदल गई।



### कीमत जिसने चौंका दिया

एंबर ने हाल ही में इंस्टाग्राम चैट में खुलासा किया कि उनकी इस बॉडी आर्ट की कीमत किसी को भी हैरान कर सकती है। अब तक उन्होंने 1.77 लाख पाउंड (करीब 1.8 करोड़ रुपए) सिर्फ टैटू पर खर्च किए है। हालांकि, कई बार कुछ टैटू आर्टिस्ट्स ने मुफ्त में भी उनका काम किया है, लेकिन कुल निवेश लाखों पाउंड तक पहुंच चुका है। टैटू के अलावा एंबर ने कई कॉस्मेटिक सर्जरी और बॉडी मॉडिफिकेशन भी करवाए है। इनमें टंग स्प्लिटिंग (जीभ को दो हिस्सों में बांटना), डर्मल पियर्सिंग, और सिर पर सींग इम्प्लांट करवाना शामिल है।



### कई बार सोशल मीडिया पर होती हैं ट्रोल

सबसे खतरनाक और चर्चित प्रक्रिया रही आंखों का टैटू करवाना, जिसमें उन्होंने अपनी आंखों को नीला रंग दिलाया। इस प्रक्रिया के बाद वह लगभग तीन हफ्तों तक अंधी हो गई थीं। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और प्रक्रिया दोबारा करवाई। एंबर का यह अनोखा और साहसी लुक सभी को पसंद नहीं आता। उन्हें कई बार आलोचनाओं और नकारात्मक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन वह इसे लेकर बेहद स्पष्ट है। उनके शब्दों में- कभी-कभी मानसिक रूप से मैं मजबूत रहती हूं और कभी-कभी नहीं, लेकिन सबसे अहम बात यह है कि हर किसी की सुंदरता को देखने का अपना नजरिया होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इंसान को अपने सपनों का पीछा करना चाहिए, भले ही लोग कुछ भी कहें। अगर आप सिर्फ समाज के मानकों को पूरा करने के लिए बदलाव कर रहे हैं, तो आप गलत कर रहे है। आपको यह सब खुद के लिए करना चाहिए।

# भंडारे में दाल बनाने के लिए लोगों ने जेबीसी मशीन का किया यूज

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आए दिन कुछ न कुछ ऐसा देखने को मिल जाता है, जिस पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ है जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। इस वीडियो में जेसीबी मशीन का इस्तेमाल मिट्टी खोदने के बजाय खाना बनाने के लिए किया गया है। लोग इस नजारे को देखकर हैरान भी हैं और मजाक भी बना रहे हैं। दरअसल, वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बड़ी-सी हांडी में दाल मखनी पक रही है। उसी समय वहां एक जेसीबी मशीन आती है और अपने बड़े-बड़े दांतों की मदद से दाल को ऐसे चलाती है जैसे कोई इंसान बड़ी कड़छी से चला रहा हो। इसे देखकर आसपास खड़े लोग हैरान हो जाते हैं। आमतौर पर जेसीबी मशीनें निर्माण कार्यों, यानी मिट्टी खोदने या मलबा हटाने के काम में आती हैं। लेकिन, इस वीडियो में इसे खाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया, जो लोगों के लिए नया और मजेदार नजारा था।



### पहले भी अजीब कामों में इस्तेमाल हो चुका है जेसीबी

वैसे, यह पहली बार नहीं है जब जेसीबी मशीन का अनोखा इस्तेमाल देखने को मिला हो। इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। इस साल फरवरी में एक दूल्हे का वीडियो खूब चर्चा में आया था, जिसमें वह अपनी शादी में घोड़ी या कार से नहीं, बल्कि जेसीबी मशीन पर चढ़कर पहुंचा था। यही नहीं, उस बारात में करीब एक दर्जन जेसीबी मशीनें शामिल थीं। डीजे बज रहा था, लोग नाच रहे थे और मोबाइल से वीडियो बनाते हुए इस अनोखी बारात को देख रहे थे।

# कैसे तय होता है आपकी आंखों का रंग, विज्ञान से समझिए

**नई दिल्ली।** जब आप किसी से पहली बार मिलते हैं, तो अक्सर उनकी आंखें आपका ध्यान खींचती हैं। गहरा भूरा, हल्का नीला, या दुर्लभ हरा रंग, जो रोशनी के साथ बदलता प्रतीत होता है, हर आंख की अपनी कहानी होती है। आंखों का रंग न सिर्फ सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि यह विज्ञान और जेनेटिक्स का भी कमाल है।



**मेलेनिन का खेल :** आंखों का रंग निर्धारित होता है आइरिस में, जो पुतली के चारों ओर रंगीन छल्ले जैसी संरचना है। इसमें मेलेनिन नामक पिगमेंट मुख्य भूमिका निभाता है। भूरी आंखों में मेलेनिन की मात्रा अधिक होती है, जो रोशनी को सोखकर गहरा रंग देता है। नीली आंखों में मेलेनिन बहुत कम होता है, और इनका रंग टिंडल प्रभाव से बनता है, जैसे आसमान नीला दिखता है। नीली रोशनी बिखरती है, और कम मेलेनिन के कारण यह रंग हावी हो जाता है। हरी आंखें मेलेनिन और प्रकाश बिखराव के संतुलन से बनती हैं, जबकि हेजल आंखों में मेलेनिन का असमान वितरण रंग को रोशनी के साथ बदलता दिखाता है। वयस्कों में आंखों का रंग आमतौर पर स्थिर रहता है, लेकिन रोशनी, कपड़ों या पुतली के आकार से यह बदलता प्रतीत होता है। नीली-सलेटी आंखें कभी नीली, कभी हरी दिख सकती हैं। कुछ खास मेडिकल स्थिति भी रंग बदल सकती है। हेटरोक्रोमिया एक दुर्लभ स्थिति है, जहां एक आंख का रंग दूसरी से अलग या आइरिस में दो रंग दिखते हैं। हॉलीवुड अभिनेत्री केट बोसवर्थ और मिला कुनिस इसका उदाहरण हैं। गायक डेविड बोवी की आंखें चोट के कारण अलग रंग की दिखती थीं विश्व में भूरी आंखें सबसे आम हैं, खासकर अफ्रीका और एशिया में। नीली आंखें उत्तरी और पूर्वी यूरोप में ज्यादा दिखती हैं, जबकि हरी आंखें केवल 2% आबादी में पाई जाती हैं। भारत में भूरी और हेजल आंखें आम हैं, लेकिन नीली और हरी आंखें दुर्लभ और आकर्षक मानी जाती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि आंखों का रंग सिर्फ जेनेटिक्स और भौतिकी का मेल नहीं, बल्कि यह हमारी विरासत और व्यक्तित्व का प्रतीक है।

### जेनेटिक्स का कमाल

पहले माना जाता था कि आंखों का रंग एक ही जीन तय करता है, जिसमें भूरा नीले पर हावी होता है। लेकिन, अब वैज्ञानिकों ने पाया कि कई जीन मिलकर रंग तय करते हैं। यही कारण है कि एक ही परिवार में बच्चों की आंखों के रंग अलग-अलग हो सकते हैं। दो नीली आंखों वाले माता-पिता का बच्चा हरी या हल्की भूरी आंखों वाला हो सकता है। यूरोपीय मूल के कई नवजात नीली या सलेटी आंखों के साथ पैदा होते हैं, क्योंकि उनके मेलेनिन का स्तर कम होता है। जन्म के बाद पहले कुछ सालों में मेलेनिन बढ़ने से रंग बदल सकता है।

### ऐसी ड्रॉप जो लौटा सकती है आंखों की रोशनी

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने एक खास आई ड्रॉप बनाई है जिसके इस्तेमाल के बाद से आपकी आंखों की धुंधलापन ठीक हो सकता है। वैज्ञानिकों द्वारा बनाई गई इस आई ड्रॉप का असर पूरे 2 सालों तक रहता है और ये उनके लिए है जिसकी उम्र 40 साल से ज्यादा है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com